# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 18 मार्च 2025






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ होगा

# सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व 30 से हाथी पर सवार होकर आएंगी माता दुर्गा, इस बार 8 दिन होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैत्र नवरात्रि यानि शक्ति की साधना का महापर्व 30 मार्च से शुरू होगा, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा। दरअसल इस बार नौ की बजाए आठ दिन तक चलने वाले इस महापर्व के साधक शक्ति की देवी की आराधना और मंत्र जाप आदि से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में होगी।

इसके बाद पूरे 8 दिनों में चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। यह सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ भी होगा।

नवरात्रि पर बन रहे सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं

मां दुर्गा की मन से पूजा करने पर हर साधक की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है



## नौ स्वरूपों की होगी पूजा

नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-आराधना की जाएगी। इसमें प्रथम दिवस शैलपुत्री की आराधना होगी, जो इच्छा व संकल्प शक्ति की दात्री हैं। इसी तरह दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तृतीया को चंद्रघंटा, चतुर्थी को कुष्मांडा, पंचमी को स्कंध माता, षष्ठी को कात्यायनी, सप्तमी को कालरात्रि, अष्टमी को महागौरी और नवमीं को सिद्धिदात्री देवी की पूजा-आराधना की जाएगी।

## हाथी पर सवार होकर मां के आने से धन धान्य में होती है वृद्धि

*पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का आरंभ इस साल रविवार से हो रहा है, यानी कि इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा होने से धन धान्य में वृद्धि होती है और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता है। मां दुर्गा हाथी से आएंगी और हाथी से ही प्रस्थान करेंगी। यह बहुत ही शुभ माना जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मां दुर्गा की मन से पूजा करने पर आपकी हर मनोकामना सिद्ध हो सकती है।*

सबसे अधिक नकल प्रकरण सागर जिले में दर्ज किए गए

# एमपी बोर्ड: प्रदेशभर में 12वीं की परीक्षा में बने 10 नकल प्रकरण

राजधानी के 103 केन्द्रों पर करीब 30 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल

पिछले हफ्ते 10वीं की परीक्षा में गुरुवार को 26 नकल प्रकरण बने थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। सोमवार को कक्षा बारहवीं का रसायन विज्ञान, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली. ऑफ साइंस एंड मैथेमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर एवं अन्य विषयों के पेपर हुए।

इस दौरान प्रदेशभर में दस नकल प्रकरण दर्ज किए गए। सबसे अधिक नकल प्रकरण सागर जिले में दर्ज किए गए। इसके अलावा ग्वालियर, दमोह, सतना, मंदसौर और इंदौर में एक-एक नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले हफ्ते 10वीं की परीक्षा में गुरुवार को 26 नकल प्रकरण बने थे। इनमें अकेले 23 मामले केवल मंडला में बने थे। किसी एक पेपर में इस साल के ये सबसे ज्यादा प्रकरण हैं। राजधानी के 103 केंद्रों पर करीब 30 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## 20 को समाज शास्त्र का है पेपर



कक्षा बारहवीं का 20 मार्च को समाज शास्त्र का पेपर होगा। वहीं अब दसवीं का अंतिम पेपर 21 मार्च को विज्ञान का होगी। उल्लेखनीय है कि, दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में प्रदेश में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हो रहे।

## वार्षिक मूल्यांकन के लिए आरएसके ने जारी की डेढ़ करोड़ रुपए की राशि

*राज्य शिक्षा केंद्र ने स्थानीय वार्षिक मूल्यांकन वर्ष 2024-25 संबंधी बजट राशि जारी कर दी है। प्रश्न पत्र मुद्रण, वार्षिक परिणाम अभिलेख पत्रक व पैकिंग पर हुए व्यय के लिए निर्धारित दर अनुसार जिला परियोजना समन्वयकों को यह राशि जारी की गई है। प्रदेश के सभी जिलों को कुल एक करोड़ 52 लाख रुपए की राशि जारी की गई। इसमें भोपाल जिले को लगभग एक लाख 87 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।*

## पहले चरण का मूल्यांकन शुरू

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया। इसमें एक मार्च तक हुए दसवीं-बारहवीं के पेपर की कॉपियों का मूल्यांकन पहले चरण में किया जा रहा है। एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला मूल्यांकन स्तर पर किया जा रहा है। राजधानी में मूल्यांकन केंद्र समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर को बनाया गया है। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएंगी। इसमें बारहवीं की कॉपी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा।

ओमार वैश्य भवन, विनीत कुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

# जिसका न कोई प्रारंभ है और न ही कोई अंत वही सनातन कहलाता है : शैलेंद्र कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ओमार वैश्य भवन, विनीत कुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे श्रीमद्भागवत कथा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं 'धर्मपथिक' की उपाधि से अलंकृत पूज्य शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने भक्तों को श्रीमद्भागवत के विविध संवाद श्रवण कराते हुए सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिसका न कोई प्रारंभ है और न ही कोई अंत, वही सनातन कहलाता है।

**नारी को देवी, मां, बहन जैसे शब्दों से सम्मानित किया जाता है**

जो नित्य और शाश्वत है, जहां सभी जीवों को अभय आश्रय प्राप्त होता है, वही सनातन धर्म है। शैलेन्द्र कृष्ण जी महाराज ने कहा कि भगवान लक्ष्मी-नारायण, राम, कृष्ण, देवी दुर्गा, शिव और सूर्यनारायण की पूजा करना ही सनातन धर्म की पहचान है। यह वही धर्म है जहां नारी को देवी, मां, बहन जैसे आदरणीय शब्दों से सम्मानित किया जाता है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे पवित्र सनातन धर्म में जन्म लेने का अवसर मिला है।

## बाजारों में बढ़ने लगी रौनक...




रमजान माह के कारण इन दिनों बाजारों में काफी चहल-पहल है। चौक बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़।

## रहवासियों ने कोरलवुड की सहकारी संस्था पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**भोपाल।** होशंगाबाद रोड पर स्थित कोरल वुड्स कॉलोनी के रहवासियों ने रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। रहवासियों ने जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की है। रहवासी राजेन्द्र सिंह मालवीय व सुरेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था का गठन जून 2022 में राजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया था। उस समय रहवासियों द्वारा संस्था में वित्तीय अनियमिताओं की शिकायत रजिस्ट्रार एवं आयुक्त सहकारी संस्था से कई बार की गई, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजेश श्रीवास्तव ने भविष्य में जांच एवं किसी कार्रवाई से बचने के लिए कोरल वुड्स सहकारी संस्था के एक संचालक विमल शुक्ला को अध्यक्ष नॉमीनेट कर दिया। इसके बाद से सभी वित्तीय लेन-देन करते हैं। इस संबंध में विमल शुक्ला का कहना है कि यह पूरी तरह से मामला झूठा है। इसको लेकर हमारे पास सभी दस्तावेज हैं। किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं हुआ।

स्वच्छता के दिए निर्देश

# निगम कमिश्नर ने वार्डों में जाकर देखी साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों अनुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वहीं वीसी के माध्यम से निर्देश दिए कि स्वास्थ्य अमला युद्धस्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था में जुट जाएं और विजिवल क्लीनेस (दृश्य स्वच्छता) को और बेहतर करें।

निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को जोन, वार्डों में जाकर साफ-सफाई की निरंतर मॉनीटरिंग करने और सीटी वीटी का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज व डिवाइडर की धूल, मिट्टी हटाकर बेहतर साफ-सफाई कराने और ग्रीन बेल्ट में पिकिंग करने को कहा। निगम आयुक्त ने स्टीकर, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर हटाकर शहर को इनसे मुक्त बनाने और पान, गुटखे की पीक की धुलाई करने के निर्देश दिए।

## कल उड़ेगा रंग और अबीर इंदौर के गेर की तर्ज पर मनेगी रंग पंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को धूमधाम से रंग पंचमी का चल समारोह निकलेगा, जो सुभाष चौक से प्रातः 12 बजे शुरू होकर परंपरागत मार्गों से होकर हनुमान गंज में समाप्त होगा। महामंत्री शरण खटीक ने बताया कि चल समारोह का आकर्षण का केंद्र बैनर, झंडा, ढोल-ताशे, पेपर शॉट मशीन, राधा कृष्ण नृत्य, अघोरी नृत्य, दुलदुल घोड़ी और डीजे शामिल रहेंगे। वहीं मार्ग के प्रमुख चौराहों पर हुरियारों पर टैंकरों से नर्मदा जल और रंग की वर्षा होगी।



खटीक ने बताया कि चल समारोह बुधवार 19 मार्च दिन को प्रातः 12 बजे सुभाष चौक गोयल धर्मशाला से प्रारंभ होगा जो लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी चौक सोमवारा, लखेरापुरा, कपड़ा बाजार चौक, अग्रवाल पूड़ी भंडार चौराहा, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट इतवारा रोड मंगलवारा जैन मंदिर रोड, घोड़ा निक्कास, हनुमानगंज मडिया मंदिर, शिखा होटल के पीछे, समापन होगा। महामंत्री शरण खटीक ने बताया कि रंग पंचमी चल समारोह में राजधानी के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## खुशीलाल में चार दिवसीय दक्षता वृद्धि प्रशिक्षण शुरू



**भोपाल।** पं खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान में सोमवार से चार दिवसीय दक्षता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान में कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों के प्रशासनिक वित्तीय अनुशासन, व्यवहार में कुशलता आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 22 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। पहले दिन भूतपूर्व संचालक वित्त संध्या श्रीवास्तव द्वारा वित्त संहिता मध्यप्रदेश, वित्तीय अनुशासन नियम ,भण्डार क्रय नियम आदि से संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# अप्रैल के पहले सप्ताह तक जारी हो सकेंगे 5वीं व 8वीं के परिणाम

मूल्यांकन की गति धीमी, कई शिक्षकों की मूल्यांकन में रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। इसके साथ ही इन परीक्षाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। हालांकि मूल्यांकन की गति धीमी है। ऐसे में इस बार 25 मार्च तक परीक्षा परिणाम जारी होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

जानकारों की मानें तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक परिणाम जारी किए जा सकते हैं। विभागीय जानकारों के अनुसार, मूल्यांकन कार्य में सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी लगाया गया है, लेकिन कई शिक्षण मूल्यांकन कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसका मुख्य कारण मूल्यांकन के लिए मिलने वाली मानदेय है, जिसके भुगतान में हर बार देरी होती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त हुई। प्रदेशभर में करीब 25 लाख विद्यार्थी दोनों कक्षाओं की परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## भोपाल में 4 मूल्यांकन केंद्र

*जानकारी के अनुसार, इस बार पांचवी-आठवीं कक्षा के मूल्यांकन के लिए चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। यह मूल्यांकन केंद्र ब्लॉक के अनुसार बांटे गए हैं। मूल्यांकन के लिए सरकारी स्कूलों के साथ ही मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को भी बुलाया गया है। मूल्यांकन में पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए दो कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के केंद्र बदले गए हैं।*

## इधर, प्रवेशोत्सव की तैयारियां अटकी

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ एक अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हालांकि अधिकतर स्कूलों में इसको लेकर तैयारियां पूरी नहीं हो सकी हैं। फिलहाल 25 मार्च तक मूल्यांकन पूरा किया जाना है, ऐसे में अधिकतर शिक्षकों को इस कार्य में लगाया गया है। इसके अलावा शाला प्रबंधन समिति और अभिभावकों की बैठकों का दौर भी जारी है। ऐसे में स्कूलों में प्रवेशोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी नहीं हो सकी हैं।

नकल रोकने बरती जाएगी हर बार से ज्यादा सख्ती, हॉल में होगी कड़ी जांच

आवेदन प्रक्रिया पूरी, करीब दो लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद

# बरकतउल्ला विवि में एक अप्रैल से यूजी की परीक्षाएं होंगी शुरू, परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेंगे उड़नदस्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा पद्धति के तहत अकादमिक कैलेंडर के अनुसार यूजी (स्नातक) की पहले से तीसरे वर्ष की परीक्षाओं के लिए तारीखें जारी की जा रही हैं। इन परीक्षाओं में करीब दो लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।

परीक्षार्थियों की आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अब परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होने जा रही हैं। वहीं, बीए, बीएससी, बीकाम, बीएससी (होम साइंस), बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के प्रथम वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होंगी। बीयू से संबद्ध कॉलेजों के लिए इस बार परीक्षाओं के दौरान नकल पर रोकने के लिए बीयू ने कई उड़नदस्ते तैयार किए हैं। यह टीमें परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए जांच करेंगी।

बीयू प्रशासन ने इसके लिए प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते पकड़ाया तो उसकी कॉपी जब्त कर विवि को भेजी जाएगी और परीक्षा निरस्त की जा सकती है। इस बार परीक्षा के दौरान हर बार से अधिक सख्ती बरते जाने की उम्मीद है।

## परीक्षार्थी की कड़ी तलाशी होगी



*बीयू प्रशासन के अनुसार संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्य व केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केंद्र पर हर परीक्षार्थी की तलाशी ली जाए। प्रतिबंधित सामग्री जैसे किताबें, गाइड, मोबाइल, नकल की पर्ची, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि को बाहर ही जमा करा लिया जाए। यदि परीक्षा हॉल में विद्यार्थी के पास नकल सामग्री मिली तो अनुचित साधन प्रतिवेदन फार्म पर जानकारी भरकर परीक्षार्थी से हस्ताक्षर करा लिए जाएं। अनुचित साधन फार्म परवीक्षक या केंद्राध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कराकर उत्तरपुस्तिका को पैकेट में बंद कर विवि को भेजे जाएं। सभी केंद्रों पर उड़नदस्ते नकल पर पैनी नजर रखेंगे। आवश्यकता होने पर किसी भी परीक्षार्थी की सख्त जांच की जाएगी।*

## प्रायोगिक परीक्षाओं के मानदेय के बिल जल्द भेजने के दिए निर्देश

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को सूचना जारी कर मानदेय के लिए बिल बुलाए हैं। बीयू की गोपनीय शाखा के सहायक कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा है कि सभी प्रायोगिक परीक्षाओं के मानदेय के देयक प्रेक्टिकल एग्जाम पूरे होने के तत्काल बाद ही आवश्यक रूप से प्रस्तुत किए जाएं, जिससे बिल का भुगतान जल्द से जल्द किया जा सके।

*भोपाल रेलवे स्टेशन को मिला ग्रीन सर्टिफिकेट, हकीकत कुछ और*

# वेटिंग एरिया और साफ-सफाई की कमी खुले में बैठने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक तरफ जहां गर्मी के सीजन में दस्तक दे दी है, तो वहीं भोपाल रेलवे स्टेशन की अव्यवस्थाएं यात्रियों के लिए मुसीबत बन गई हैं। पर्याप्त वेटिंग एरिया की कमी, खराब साफ-सफाई और पेयजल संकट जैसी समस्याओं ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यात्रियों को लंबे इंतजार के दौरान भीषण गर्मी में खुले में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन रेलवे प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हाल ही में भोपाल रेलवे स्टेशन को ग्रीन सर्टिफिकेट मिला है, लेकिन हकीकत कुछ ओर है।



## यात्रियों को यह होगी दिक्कत

भोपाल रेलवे स्टेशन पर वेटिंग हाल की संख्या बेहद सीमित है। कुछ वेटिंग हाल बंद पड़े हैं, जबकि जो खुले हैं, वे यात्रियों की संख्या के मुकाबले काफी छोटे हैं। गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही खड़े रहना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।



## गंदगी-बदबू से परेशान यात्री

स्टेशन पर गंदगी की भरमार है। शौचालयों की नियमित सफाई न होने के कारण वहां बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। यात्री साफ-सफाई को लेकर शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ट्रेनों से निकलने वाला वेस्ट को स्टेशन पर ही फेंक दिया जा रहा है। इसके अलावा गर्मी में पानी की किल्लत यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन गई है। स्टेशन पर लगे कई वाटर कूलर या तो खराब हैं या उनमें ठंडा पानी उपलब्ध नहीं है। मजबूरन यात्रियों को महंगे दामों पर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं।

भोपाल
मंगलवार, 18 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 11, अंक : 351
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने आध्यात्मिक साधना पर दिया जोर

# गीता उपदेश से मिलती है 'शक्ति और शांति'

*मुझे भारत से बहुत प्यार है। जब मैं यहां होती हूं तो मुझे हमेशा घर जैसा महसूस होता है। लोग बहुत स्वागत करने वाले और दयालु हैं। यहां खाना हमेशा स्वादिष्ट होता है। दाल मखनी और ताजा पनीर के साथ कुछ भी स्वादिष्ट होता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि भगवद् गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दी गईं शिक्षाएं उन्हें पूरे दिन शक्ति, शांति और आराम देती हैं। भारत दौरे पर आईं तुलसी ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति और अपनी आध्यात्मिक साधना के बारे में बात की। गबार्ड ने कहा कि मैं अपने अच्छे और बुरे समय में श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का अनुसरण करती हूं। भगवान के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध मेरे जीवन का केंद्र है। मैं हर दिन ईश्वर को प्रसन्न करने वाला जीवन जीने की पूरी कोशिश करती हूं। ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि मैं ईश्वर की संतानों की सेवा करने की पूरी कोशिश करूं। गबार्ड ने कहा कि मुझे भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### मैं कृष्ण के अर्जुन को दिए गए उपदेशों से सीखती हूं

उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अलग-अलग समय में चाहे वह दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध क्षेत्रों में सेवा करना हो या फिर आज हमारे सामने आने वाली चुनौतियां हो, मैं भगवद् गीता में अर्जुन को दिए गए कृष्ण के उपदेशों का ही सहारा लेती हूं। वे मेरे सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में मेरे काम आते हैं। मैं कृष्ण से अर्जुन को दिए गए उपदेशों को लगातार सीखती रहती हूं। यह मुझे शक्ति, शांति और सुकून देता है।

केंद्र सरकार ने किया एप लॉन्च

## अब मोबाइल से भी कर सकेंगे पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए आवेदन



देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की बड़ी कंपनियों और मंत्रालयों में काम का असली अनुभव मिलने का रास्ता अब और आसान होने जा रहा है। अभी तक पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लाई करना पड़ता था। लेकिन, अब मोबाइल एप और सुविधा केंद्र के जरिए भी चुटकियों में छात्रों की सारी परेशानियां हल हो जाएंगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

अच्छी खबर

### देशभर में बनेंगे 47 सुविधा केंद्र

केंद्र सरकार की योजना कोलकाता की ही तरह देशभर में 47 सुविधा केंद्र बनाने की है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### फरवरी में थोक महंगाई में बढ़त, 2.38% पर



**नई दिल्ली।** सोमवार को सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2025 में थोक महंगाई दर में इजाफा हुआ है और ये जनवरी के 2.31% से बढ़कर फरवरी महीने में 2.38% हो गई है। इसमें 0.07 फीसदी का इजाफा हुआ है। होली से पहले रिटेल महंगाई का डेटा जारी किया था, जो राहत भरा था।

### मसूरी बोर्डिंग स्कूल में छात्र की डूबने से मौत



**मसूरी।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित विनबर्ग-एलन स्कूल में सोमवार को एक 13 वर्षीय छात्र की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र दिल्ली का रहने वाला था। छात्र स्विमिंग पूल में अभ्यास कर रहा था, तभी अचानक वह बेहोश होकर पानी में गिर गया। उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ग्वालियर में आरटीओ एएसआई की मौत



**ग्वालियर।** परिवहन विभाग में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घर के अंदर उनका शव कमरे में पड़ा मिला। मृतक धर्मवीर फ्लाइंग स्क्वॉड के प्रभारी थे। परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की।

### कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की धमाकेदार शुरुआत



**नई दिल्ली।** कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत सोमवार से इंग्लैंड में हो गई। आयोजन इंग्लैंड में चार स्थानों पर किया जाएगा। इस बार पुरुष कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारत सहित कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में भारत के अलावा इटली, स्कॉटलैंड, वेल्स, हांगकांग की टीमें शामिल हैं।

**नया घमासान** औरंगजेब कब्र विवाद पर नागपुर में बवाल... हालात नियंत्रण में

# दो गुटों में पथराव-आगजनी और तोड़फोड़ कई गाड़ियों को फूंका, इलाके में दहशत

◆ *15 पुलिसकर्मी घायल, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे, 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया, धारा 163 लागू*



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान दो गुटों के बीच विवाद के बाद तनाव काफी बढ़ गया।

इसके बाद तोड़फोड़ की गई और कई वाहनों के आग के हवाले कर दिया गया। जिन वाहनों को आग के हवाले किया गया, उनमें विस्फोटों की आवाज भी सुनी गई। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया गया और एक फायरमैन घायल हो गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़कों ▶▶ शेष पेज 4 पर



### किसने क्या कहा

- ▶▶ औरंगजेब की कब्र शिवाजी के शौर्य का प्रतीकः संजय राउत
- ▶▶ औरंगजेब की तारीफ करने वाले विचारों को कुचल देंगेः देवेंद्र फडणवीस
- ▶▶ जिन्हें औरंगजेब की कब्र से प्यार है, वो इसके अवशेष अपने घर ले जाएंः संजय शिरसाट, मंत्री महाराष्ट्र
- ▶▶ औरंगजेब की कब्र खोदने से पहले अपने पाप की कब्र खोदेः विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस विधायक
- ▶▶ औरंगजेब की कब्र हटाओ नहीं तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महाराष्ट्र के कई जिलों में हुआ विरोध-प्रदर्शन

*मालूम हो कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर घमासान मचा है। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की है। सोमवार को महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया गया। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि औरंगजेब की विचारधारा को बढ़ाने वाले कुचल दिए जाएंगे। प्रशासन ने औरंगजेब के मकबरे की सुरक्षा बढ़ा दी।*

### अफवाहों पर न दें ध्यान- सीएम फडणवीस

*महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि नागपुर के महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस प्रशासन स्थिति को संभाल रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि नागरिक इस स्थिति में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं और नागरिकों को उनका सहयोग करना चाहिए। नागपुर एक शांतिपूर्ण और सहयोगी शहर है। यह नागपुर की स्थायी परंपरा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और प्रशासन को पूरा सहयोग दें।*

जबलपुर कांग्रेस नेत्री रेखा जैन ने

### औरंगजेब की तुलना परशुराम से कर डाली

**जबलपुर।** जबलपुर की महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा जैन ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि औरंगजेब ने अपने भाई का सिर काटकर पिता को भेंट किया तो भगवान परशुराम ने अपनी मां का सिर काटकर अर्पित किया। पोस्ट में औरंगजेब को क्रूर बताकर कहा गया है कि कोई भी मुसलमान उसे आदर्श नहीं मानता और संतान का नाम औरंगजेब नहीं रखता, लेकिन हिंदुत्व के ठेकेदार परशुराम जैसे चरित्र को आदर्श मानकर परशुराम का मंदिर तक बनवाते हैं। पोस्ट को लेकर ब्राह्मण समाज ने जमकर विरोध जताया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। रेखा जैन को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



कांग्रेस ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब, बाद में बयान हटाया

मंडला में आदिवासियों पर पुलिस कार्रवाई

## कांग्रेस ने किया वॉकआउट, आरोप नक्सली बताकर किया जा रहा बदनाम



*आसंदी के नीचे ही जमीन पर धरने पर बैठ गए विपक्षी विधायक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान मंडला जिले में एक आदिवासी पर पुलिस की कथित निर्ममतापूर्वक कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। एसटी-एससी समेत कांग्रेस के विधायकों ने गर्भगृह में आसंदी के सामने पहुंच कर जमकर नारेबाजी की। आसंदी के नीचे ही जमीन पर धरने पर बैठ गए।

कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने सरकार पर आरोप लगाया कि नक्सलाइट बताकर आदिवासियों को बदनाम किया जा रहा है। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अभी कार्रवाई को आगे बढ़ने दीजिए, उचित समय में आपकी बात सुनी जाएगी। हालांकि, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मारे गए आदिवासी को नक्सली मानने को तैयार नहीं

मरकाम ने स्पीकर से कहा कि आप उचित समय का इंतजार कर रहे हैं, जबकि सरकार आदिवासियों का हित नहीं चाह रही है। इस मुद्दे पर मरकाम के अलावा फुंदेलाल मार्को, डॉ. हीरालाल अलावा समेत अन्य विधायकों ने भी अपनी बात कही, हालांकि स्पीकर ने उसे सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं किया। इसके बाद बैगा जनजाति पर पुलिस की ओर से की जा रही निर्ममतापूर्वक कार्रवाई पर शासन की ओर से चर्चा नहीं कराए जाने के विरोध में कांग्रेस के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर गए। दरअसल, अभी कुछ समय पहले मंडला में एक नक्सली की मौत पुलिस की गोली से हुई थी। आदिवासी विधायक इसे नक्सली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मंडला के हीरन सिंह की मृत्यु की न्यायिक जांच के आदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिला निवासी श्रीमती बिसरो बाई परते पत्नी स्व. हीरन सिंह परते को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। पिछले 9 मार्च को मंडला जिले की बिछिया तहसील के ग्राम खटिया के निवासी हीरन सिंह परते की मृत्यु के संदर्भ में यह सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर मंडला ने इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

कैग रिपोर्ट 2022 विस में पेश

## संबल सहित कई योजनाओं में गड़बड़ी का हुआ खुलासा



- 67.48 लाख श्रमिकों को घोषित कर दिया गया अपात्र
- जमीन आवंटन में गड़बड़ी से 65.5 करोड़ का नुकसान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन सोमवार को कैग रिपोर्ट 2022 पेश की गई। इसमें संबल योजना सहित कई योजनाओं में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि संबल योजना की भौतिक प्रक्रिया नियमानुसार नहीं की गई और 67.48 लाख श्रमिकों को अपात्र घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट में सरकारी जमीन आवंटन में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। कहा गया कि भोपाल में अजीम प्रेमजी ▶▶ शेष पेज 4 पर

पूर्व गृह मंत्री और उपनेता प्रतिपक्ष में जुबानी जंग

## भूपेंद्र : होली मनाओ, 2 पैग ज्यादा पीयो कटारे : ये तो गजब का दोहरा-चरित्र है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भूपेंद्र सिंह ने कहा अगला चुनाव एक लाख वोट से जीतूंगा


सागर खुरई विधानसभा से विधायक और पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो कह रहे हैं भैया आज होली मनाओ दो पैग ज्यादा पीयो। इस बयान के बाद कांग्रेस नेता हेमंत कटारे ने भूपेंद्र सिंह को आड़े हाथ लिया।

भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के लोगों को मंच से बोलते हुए कहा कि खुरई की जनता ने हमेशा मुझे चुनाव अधिक वोटों से जिताया है। जनता ने हमेशा प्यार दिया है। अगला चुनाव एक लाख वोट से जीतूंगा, जिसको लिखना ▶▶ शेष पेज 4 पर

गामिनी और उसके चार शावक भरेंगे रफ्तार

## कूनो नेशनल पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में छोड़े गए पांच चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



खुले जंगल में भ्रमण करने वाले चीतों की संख्या 17

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को अब चीतों का दीदार हो सकेगा। ऐसा इसलिए कि सोमवार को मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को बाड़ों से आजाद करते हुए खुले जंगल में छोड़ दिया गया है।

दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी के साथ उसके चारों शावकों को कूनो पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में छोड़ा गया है। खजूरी वन क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन का हिस्सा है। सिंह परियोजना के संचालक उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि गामिनी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिल्ली के अस्पताल में ली अंतिम सांस : पिता कृपा शंकर शर्मा मप्र के मुख्य सचिव रह चुके

# सीनियर आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का निधन भारत-अमेरिका के संबंधों को दी थी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और स्पेशल डीजी (रेलवे) मनीष शंकर शर्मा का सोमवार तड़के दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

58 वर्षीय शर्मा लंबे समय से बीमार थे। मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी शर्मा, नियमित जांच के लिए दिल्ली गए थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र, केंद्र और मध्य प्रदेश में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। उनके पिता कृपा शंकर शर्मा मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके थे। ▶▶ शेष पेज 4 पर



◆ *सैन डिएगो, यूएसए के मेयर ने शर्मा को सम्मानित किया था। 20 जुलाई 2015 को 'मनीष एस शर्मा दिवस' घोषित किया गया था।*


*सीएम डॉ. यादव ने शोक व्यक्त किया*

### सरकार ने ईमानदार और समर्पित अधिकारी खो दिया

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने एक ईमानदार और समर्पित आईपीएस अधिकारी खो दिया है। उनका निधन मध्य प्रदेश सरकार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, और भाजपा व कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।* ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### पुलिस सेवा में मनीष शंकर शर्मा का योगदान

मनीष शंकर शर्मा मूल रूप से नर्मदापुरम के निवासी थे, उन्होंने मध्य प्रदेश के रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा जिलों में एसपी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थीं। मनीष शंकर शर्मा के चाचा, डॉ. सीताशरण शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर



# शहडोल के मिनी ब्राजील की गूंज अमेरिका तक, प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से मिलेगा फुटबॉल को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मप्र के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मप्र एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं। वहां ट्राइबल महिलाएं स्व-सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया।

### खास बातें

- प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया- शहडोल में बसा है मिनी ब्राजील
- प्रधानमंत्री ने शहडोल दौरे को किया याद, कहा-चार पीढ़ियों से लोग खेल रहे फुटबॉल

### शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को किया साझा



प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं? जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं। गांव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं। पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, उसके लिए शहडोल के मिनी ब्राजील को शुभ संकेत मानता हूं। इससे टीम स्पिरिट पैदा होती है।

### महाप्लानिंग से रुकती है अन्न की बर्बादी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी खेल अकादमियों के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

### मन की बात में भी हो चुका है जिक्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व में भी मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के संबंध में चर्चा की जा चुकी है, जिससे शहडोल संभाग के फुटबाल खिलाड़ियों में नया उत्साहवर्धन हुआ है।

### पूर्व कमिश्नर शर्मा ने भी किया प्रोत्साहित

शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किए गए है। इसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री भोपाल स्मार्ट सिटी के आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे भोपाल स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के नवनिर्मित शासकीय आवासों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह टीटी नगर में होटल पलाश के सामने आयोजित होगा। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने 364 जी टाइप आवास का निर्माण किया है। इन आवासों के निर्माण की लागत 116 करोड़ 26 लाख रुपए है। इन आवासों का निर्माण 3 टॉवरों में किया गया है। प्रत्येक टॉवर 13 मंजिल के हैं। जिन आवासों का लोकार्पण होगा वे प्रथम चरण में बनाए गए हैं। परिसर में कुल 700 शासकीय आवासों का निर्माण किया जाना है। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित हो रही है।

### सीएम ने किया 'टॉपर्स की डायरी जीत के राज' पुस्तक का विमोचन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में डॉ. कनिका शर्मा की पुस्तक 'टॉपर्स की डायरी जीत के राज' का विमोचन किया। इस अवसर पर गौरव शर्मा, सुनील शर्मा और परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुस्तक की विषय-वस्तु की सराहना की। यह पुस्तक विशेष रूप से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने, परीक्षाओं के भय को समाप्त करने और सकारात्मक मानसिकता, व्यवस्थित दिनचर्या, बेहतर खान-पान और पोषण का ध्यान रखने, लेखन क्षमता में सुधार, भाषा की शुद्धता और भविष्य की योजना बनाकर कार्य करने जैसे पहलुओं पर मार्गदर्शन देती है।

### हैप्पीनेस पर दो दिनी राष्ट्रीय सेमिनार 20-21 मार्च को

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान की ओर से भोपाल में नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस 20 और 21 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार में मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के लिए मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों और नीति निर्माताओं को आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में सभी अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों को साझा कर सकेंगे। इस आयोजन से आनंद के विविध आयामों एवं तत्वों पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन के लिए मंच मिलेगा। प्रदेश में आनंद विभाग की स्थापना नागरिकों की खुशहाली एवं परिपूर्ण जीवन के लिए आंतरिक तथा बाह्य सकुशलता के लिए अगस्त 2016 में किया गया था। राज्य आनंद संस्थान नागरिकों की खुशहाली और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए सतत कार्यरत है। संस्थान अपने विभिन्न कार्यक्रमों, के माध्यम से नागरिकों में सकारात्मकता और आत्मिक आनंद की भावना विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इसी सिलसिले में आयोजित हो रहे नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस में आतंरिक आनंद की अनुभूति बाह्य प्रभावों व भौतिक सुविधाओं के साथ आंतरिक आनंद को अनुभव करने के विधाओं पर चर्चा, आनंद से स्वास्थ्य आनंद और स्वास्थ्य के बीच संबंध, खुशहाल परिवार एवं कार्यस्थल परिवार में आनंदमयी वातावरण और कॉर्पोरेट तथा सरकारी संगठनों में आनंदमयी कार्य संस्कृति विकसित करने पर फोकस रहेगा।

## सामाजिक संस्थाओं की मदद से सार्वजनिक प्याऊ लगाने की व्यवस्था करें

# मप्र में कहीं से भी पेयजल की कमी जैसी बात सामने नहीं आनी चाहिए, सीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध
- पीएचई की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने पेयजल प्रबंधों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित कराएं। कहीं से भी पेयजल की कमी जैसी बात सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अफसरों से कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध प्राथमिकता के तौर पर कराएं। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्रवाई करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



### जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले की ओर से पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए। प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं। प्रदेश के 76 लाख 24 हजार 275 घरों में नल कनेक्शन दिए गए-बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। यह प्रदेश के कुल घरों एक करोड़ 11 लाख 80 हजार 901 का 63.81 प्रतिशत है।

### चीतों की बढ़ती संख्या से, चंबल क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्योपुर स्थित राष्ट्रीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को बाड़े से मुक्त कर राष्ट्रीय उद्यान में स्वछंद विचरण के लिए छोड़ा जा रहा है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैव विविधता की दृष्टि से, दक्षिण अफ्रीका से प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्वास, देश ही नहीं अपितु एशिया महाद्वीप का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इस इंटरकांटिनेंटल प्रोजेक्ट के लिए कूनो (श्योपुर) का चयन, प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रदेश के वन विभाग के अमले की लगन और अथक परिश्रम से इस व्यापक परियोजना का सफल क्रियान्वयन संभव हो पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। इससे पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और चंबल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था समग्र रूप से सशक्त होगी। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने लोकायुक्त से की मुलाकात, सौंपे परिवहन घोटाले से जुड़े दस्तावेज






### मंत्री गोविंद राजपूत की बेनामी संपत्ति अटैच करने की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकायुक्त से भेंट की और मंत्री गोविंद राजपूत की प्रापर्टी और परिवहन घोटाले से जुड़े दस्तावेज सौंपकर जांच की मांग की। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायकों ने लोकायुक्त को सौपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के द्वारा लोकसेवक के पद पर रहते हुये भ्रष्टाचार कर अपने स्वयं एवं पत्नी एवं पुत्रों, रिश्तेदारो एवं अन्य लोगों के नाम से सैकडों एकड़ जमीन की अवैध रूप से खरीदी की। खरीदने एवं बेनामी अवैध संव्यवहार की जांच किये जाने एवं सम्पत्ति अटैच करने की मांग की गई। इसके बाद सिंघार ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि परिवहन का बजट 150- 200 करोड रुपए का है और घोटाला 5 हजार करोड़ का होता है। उन्होंने कहा कि सोने की ईंट मिल रही है, यह किसकी है जांच एजेंसी बता नहीं पा रही हैं। उन्होने यह भी कहा कि इसमें करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी गई, जिसके प्रमाण हमने लोकायुक्त को दिए हैं। लोकायुक्त ने इस मामले में जांच करने का आश्वासन दिया है।

### सरकार कर रही लीपापोती

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि परिवहन घोटाले में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की खबरें सामने आयी हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है जो प्रदेश की जनता की कमाई का दुरुपयोग और प्रशासनिक पारदर्शिता की कमी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि तीन महीने हो चुके हैं मगर अब भी जांच ऐजेंसियों के हाथ खाली हैं और सरकार इसपर लीपापोती कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उनकी पत्नी, बच्चों और संजय श्रीवास्तव, संजय डांडे जैसे लोगों ने करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति बनाई है इसकी जांच होनी चाहिए।

## कमलनाथ ने दिया कांग्रेस नेताओं को रात्रिभोज





भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भोपाल में अपने आवास पर कांग्रेस विधायक दल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया। रात्रिभोज में पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पूर्व पीसीसी अध्यक्ष अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह सहित विधायक तथा वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

## पेपरलेस बूथ प्रक्रिया का प्रचार कराने अधिकारी नियुक्त किए जाएं

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव, नवीन प्रणाली 'पेपरलेस बूथ' के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर जानकारी जल्द भेजें। इनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा है कि नवीन प्रणाली "पेपरलेस बूथ' की जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सकेंगे।

### विधानसभा में सीएम...



सीएम डॉ. मोहन यादव नेताओं के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे।

### महिला बाल विकास मंत्री करेंगी शुभारंभ

## पोषण भी-पढ़ाई भी, पर एक दिवसीय कार्यशाला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के उन्मुखीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल के होटल रेडिसन में 18 मार्च को सुबह 9.30 बजे किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी।

केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अनेक विषयों के संबंध में जागरूक जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

### विस में कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया बोले

## तीन समिट में विकास के घोड़े नहीं दौड़े अब 3 लाख नौकरियां कहां से आएंगी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विधानसभा सत्र में बजट पर चर्चा को लेकर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों का हमला जारी है। जिसके तहत सोमवार को बजट पर चर्चा के दौरान जबलपुर पूर्व से कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने हाल ही में हुई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर सदन में कहा कि पिछली 8 इन्वेस्टर समिट में तो विकास के घोड़े दौड़े नहीं, अब इस समिट ने बाद सरकार कह रही है कि जब उद्योग आएंगे तो 3 लाख रोजगार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जितने का बजट आया है उतना तो कर्ज है। हर साल कर्ज बढ़ता जा रहा, तो बजट भी बढ़ता जा रहा है।

### बैहर को जिला बनाने की मांग

बालाघाट जिले की बैहर से कांग्रेस विधायक संजय उइके ने बैहर को जिला बनाने की मांग सदन में रखी। उन्होंने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि बालाघाट जिले की बैहर बालाघाट से 125 किलोमीटर दूर है बैहर, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय आने में दिक्कत होती है।।

### बिना मुआवजा दिए तोड़े गरीबों के मकान

कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने भोपाल की भदभदा में झुग्गी तोड़ने और मोती नगर में दुकाने तोड़ने पर का मुद्दा उठाया, उन्होंने कहा कि गरीबों के मकान दुकान बिना मुआवजे के तोड़े गए हैं। उन्होंने मांग रखी कि गरीबों को मकानों से बेदखल न किया जाए।

### विस में गूंजा बिल्डर को जमीन देने का मामला

# रीवा का नाम समदड़िया शहर कर देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में रीवा और सतना में समदड़िया बिल्डर को काफी कम कीमत पर जमीन देने का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने आरोप लगाते हुए सदन में कहा कि समदड़िया बिल्डर को 3000 करोड़ रुपए कीमत की जमीन मुफ्त के भाव दे दी गई। इसके बदले में सरकार को सिर्फ 155 करोड़ रुपए मिले हैं। इसे लेकर सदन में काफी देर तक बहस चली। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वास्त किया वे इस मामले में ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके बाद मामला शांत हुआ।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अजय सिंह ने कहा कि रीवा शहर का नाम बदलकर समदड़िया शहर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की पूरी जमीन काफी कम कीमत में समदड़िया बिल्डर ने खरीद ली है। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई जानी चाहिए। प्रश्नकाल में अभय मिश्रा का तारांकित में पहला प्रश्न लगा था। उन्होंने कहा कि सतना शहर के मध्य पॉलिटेक्निक कालेज की 4 लाख 91 हजार 500 वर्ग फीट से अधिक जमीन मेसर्स बिक्स मेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निविदा ऑफर को



नियत कर समदड़िया बिल्डर को मात्र 121.93 करोड़ रुपए में यानी 1368 रुपए प्रति वर्ग फिट की दर से दे दी गई है। जबकि मेसर्स मेल्स प्रालि ने निविदा ऑफर 1511 करोड़ 11 लाख रुपए दिया था। सांठगांठ करके हाईपॉवर कमेटी बनाकर उसे निरस्त कर दी गई। जबकि कमेटी को भी इतनी कम राशि करने का अधिकार नहीं है। इतनी कम राशि का अंतर होने के बाद भी निविदा दोबारा क्यों नहीं बुलाई गई।

### काफी देर तक इस मुद्दे पर हुई सदस्यों के बीच बहस

विधायक मिश्रा ने कहा कि यह निविदा ऑफर थी, इसके बाद भी हाई पावर कमेटी ने इसे बदलकर मात्र 1365 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से समदड़िया बिल्डर को दे दिया। इसी तरह रीवा में बेशकीमती शासकीय भूमि बाल भारती स्कूल के सामने की है। साथ में पूर्व एमपी बंगला के सामने की जमीन, जय स्तंभ चौक के पास स्थित शासकीय मुद्रणालय की भूमि, खास चौराहा स्थित शासकीय आवासों की जमीन, बजरंग नगर के पास जाल संसाधन विभाग के कार्यालय की भूमि, कला मंदिर के सामने स्थित शासकीय आवास कॉलोनी, सिरमौर चौराहे के बोदा बाग रोड स्थित लोक निर्माण विभाग की भूमि, मुख्य अभियंता कार्यालय गंगा कछार की भूमि को भी समदड़िया बिल्डर को दी गई है। मिश्रा ने हाउसिंग बोर्ड में वर्ष 2008 से अब तक पदस्थ कार्यपालन मंत्रियों के नाम और पद की भी जानकारी मांगी। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया में व्यापक गड़बड़ी का आरोप लगाया और मामले की जांच की मांग की।

### रिडेंटीफिकेशन में कोई गड़बड़ी नहीः विजयवर्गीय

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि पहले भी आपने यही प्रश्न उठाया था। उन्होंने कहा कि जिला, संभाग व राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में साधिकार समिति होती है। 50 करोड़ से उपर के मामले में साधिकार समिति फैसला लेती है। हालांकि सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हुए और पूरक प्रश्न के जरिए उन्होंने कुछ और सवाल किए। मंत्री ने जवाब में कहा कि रिडेंटीफिकेशन में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। शिकायत के बाद उसे कैंसिल कर दिया गया तो ऐसे में अनियमितता कैसे हो गई। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मंत्री ने अपने संज्ञान में लिया है। अब इस पर ज्यादा प्रश्न पूछने की जरूरत नहीं है।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.36 शाम (मंगल)
सहरी 05.03 सुबह (बुध)

बारिश, बादलों का असर

# भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के साथ रात का पारा गिरा, कल से बढ़ेगी बारिश

## राजधानी में लगा रहा बादलों का आना-जाना, कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में दो दिन से बदले मौसम के मिजाज का असर प्रदेश भर के दिन और रात के तापमान पर दिखाई दे रहा है। सोमवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री तक गिरावट से गर्मी से मामूली राहत रही। सबसे अधिक दिन का पारा नौगांव में 3.4 डिग्री गिरा, जबकि सर्वाधिक रात के पारे में कमी भोपाल और खजुराहो में 4.2 डिग्री की रही। भोपाल में दिन का पारा 3 डिग्री गिरकर 32.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। सागर संभाग के साथ ही भोपाल संभाग के कुछ जिलों में बारिश और बूंदावांदी हुई, जबकि शहर में बादलों का डेरा रहने से तापमान में कमी रही है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 19 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ आने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। 24 घंटे में सागर संभाग के जिलों में कहीं- कहीं बारिश हुई। भोपाल संभाग के राजगढ़, रायसेन और सीहोर के आसपास हल्की बूंदा-बांदी दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार के बाद से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी।

रात के पारे में सबसे अधिक गिरावट भोपाल व खजुराहो में 4.2 डिग्री तो दिन के पारे में नौगांव में 3.4 डिग्री रही



### अभी सिस्टम यहां, आज से बारिश

अभी पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा और आसपास लगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। यहां एक अन्य सकुर्लेशन भी बना है। एक ट्रफ लाइन उत्तरी छत्तीसगढ़ से विदर्भ तक बनी हुई है, जिससे अभी मौसम में बदलाव है। कल से एक नए डब्ल्यूडी के आने से एक-दो दिन में प्रदेश में बारिश की एक्टिीविटीज बढ़ेंगी।

### आज यहां बारिश का येलो अलर्ट

सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर जिलों में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होगी, जबकि आसपास के हिस्सों सहित प्रदेश के मध्य इलाकों में बादलों का असर रहेगा।

### कहां कितना गिरा पारा

भोपाल, गुना, पचमढ़ी, रायसेन, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सिवनी और उमरिया आदि जिलों में अधिकतम पारा 2 से 3 डिग्री तक गिरा। शेष प्रदेश में औसतन एक डिग्री तक कमी आई। इन जिलों में रात का पारा एक डिग्री तक गिरा। सबसे अधिक गिरावट भोपाल के अलावा धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी और राजगढ़ में पारा सर्वाधिक 2 से 3 डिग्री तक गिरा है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 34.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से औसतन डेढ़ डिग्री तक कम है।

## पंजीयन विभाग कर रहा दस साल की सबसे बड़ी बढ़ोतरी

# झागरिया खुर्द में तीन गुना तो मुगालिया कोट में बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के दोगुने तक दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन के लिए पंजीयन विभाग ने इस बार रिकार्ड बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया है। जिसे जिला मूल्यांकन समिति ने भी हरी झंडी दिखा दी है। पहली बार शहरी से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र की जमीनों के दाम में बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है।

दरअसल, अफसरों का तर्क है कि अब शहरी क्षेत्र छोड़कर लोग ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त कर रहे हैं। जिसकी वजह से यहां दामों में बढ़ोतरी की जा रही है। सबसे ज्यादा दाम कोलार और हुजूर तहसील के गांवों में बढ़ाए जा रहे हैं। झागरिया खुर्द में जहां 316 और बड़झिरी में 200 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है, वहीं मुगालिया कोट 175 और पिपलिया जाहीरपीर में 140 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी प्रस्तावित है।

### पहली बार खेती की जमीन के भी बढ़ाए दाम

बुधवार शाम तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति



शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र

| लोकेशन | वर्तमान | प्रस्तावित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पिपलिया जाहिर पीर | | | |
| नर्मदा फार्मस | 3000 | 7200 | 140 |
| अगरिया | 1100 | 2500 | 127 |
| झागरिया खुर्द | 1200 | 5000 | 316 |
| वनखेड़ी | 1200 | 2500 | 108 |
| जमुनिया कलां | 1500 | 3000 | 100 |
| मुगालियाकोट फ्यूचर | 2400 | 6600 | 175 |
| महुआखेड़ा | 2600 | 6000 | 130 |
| पडरिया जाट | 1700 | 3000 | 76 |
| अमझरा | 2100 | 4000 | 90 |
| आदमपुर छावनी | 2900 | 5000 | 72 |
| खामखेड़ा | 3200 | 5000 | 56 |

### कोलार सिक्सलेन के आसपास बढ़ोतरी

कोलार में गोल गांव पर सिक्सलेन की वजह से प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ी हैं। सलैया में तेजी से विकास हो रहा है। कोकता बायपास-बगरोदा, बैरागढ़ स्टेशन के पास, मिनाल, वैशाली नगर बड़वई सड़क से हटकर, बरखेड़ी कलां, चौपड़ाकलां, कटारा हिल्स, रातीबड़, बिशनखेड़ी, दामखेड़ा व मेंडोरी में भी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव है।

### मंत्री-विधायक बोले-तत्काल रोकी जाए वृद्धि

सोमवार को क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल मंत्री विश्वास सारंग और विधायक रामेश्वर शर्मा से मिला। जिस पर सारंग और शर्मा ने कहा कि नागरिकों के हित में इस वृद्धि को रोका जाना चाहिए। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि गाइडलाइन दरों में वृद्धि से संपत्ति बाजार प्रभावित हो रहा है, जिससे नागरिकों, व्यवसायियों, निवेशकों और डेवलपर्स को नुकसान हो रहा है।

### ऐसे दर्ज कराएं आपत्ति

वित्तीय वर्ष 2035-26 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन को संपदा की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसका मिलान करने के बाद 1283 लोकेशन पर बढ़ाए जा रहे दामों पर आपत्ति पेश की जा सकती है। परी बाजार और आईएसबीटी स्थित दफ्तर में आपत्ति पेश की जा सकती है। यह आपत्ति 19 मार्च को शाम छह बजे तक पेश की जा सकती है।

### जहां कार्रवाई, अब उसी से बढ़ेगी आय

जिला प्रशासन जिन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर रहा है। पंजीयन विभाग के अफसर उन अवैध कॉलोनियों के नाम पर ही रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यहां पर 100 से 200 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है। ऐसी तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियां हैं।

# निगम ने की प्रॉपर्टी टैक्स भी बढ़ाने की तैयारी, जलकर में भी होगी 10% बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम तीन साल बाद फिर से प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसके पहले जलकर में दस फीसदी की बढ़ोतरी पर चर्चा की गई थी। ऐसे में आम शहरी को प्रॉपर्टी टैक्स सहित जलकर ज्यादा अदा करना पड़ेगा। तीन साल पहले भी नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी की थी, जिसको लेकर नगर निगम का बजट 26 व 27 मार्च को पेश हो सकता है। सोमवार को एमआइसी मेयर इन कौंसिल की बैठक में सदस्यों ने सहमति दी है।

इस बार का बजट 2600 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है। सोमवार को हुई एमआइसी की बैठक में जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई है। संभावना जताई जा रही है कि संपत्तिकर या जलकर बढ़ाया जा सकता है। हालांकि प्रॉपर्टी टैक्स में कितनी बढ़ोतरी की जाएगी, इसको लेकर साफ नहीं है। अब मंगलवार को बजट पेश करने को लेकर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के साथ एक और बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में महापौर मालती राय, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन, वित्त अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर समेत सभी एमआइसी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में बल्क कनेक्शन की राशि कम करने पर बात की गई। वहीं, जल कर की राशि बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

26 व 27 मार्च को पेश हो सकता है बजट

### शहर सरकार के बजट में आम लोगों पर बढ़ेगा बोझ




### 57 करोड़ की होगी वसूली

इस वित्तीय वर्ष में 277 करोड़ रुपए वसूलने का नगर निगम ने टॉरगेट रखा था। अब तक करीब 220 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। इस हिसाब से निगम को अब 14 दिनों में 57 करोड़ रुपए और वसूलने हैं। इसको लेकर राजस्व वसूली तेज करने पर एमआइसी सदस्यों ने जोर दिया।

### एक माह देरी से होगी बैठक

पिछली बैठक 13 दिसंबर को हुई थी। जबकि नियम दो महीने के अंदर का है। इस बार भी एक महीना ज्यादा बीत गया है। ऐसे में विपक्ष के पार्षदों ने विरोध जताया है। हालांकि 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट थी। मीटिंग में देरी होने की वजह इसे ही बताया जा रहा है।

## रेस्त्रां, रिसॉर्ट में परोसी जा रही थी शराब बनाए 13 प्रकरण



भोपाल। सोमवार को बावड़िया कलां स्थित टू स्टेट रेस्त्रां और बरांडा रिसॉर्ट पर आबकारी अमले ने छापा मार कार्रवाई कर 13 प्रकरण बनाए। इस दौरान रिसॉर्ट के अंदर जगह जगह पर लोग खुले में शराब पीते हुए मिले। जिला आबकारी अधिकारी एचएस गोयल ने बताया कि मुखबिर से लगातार जानकारी मिल रही थी कि दोनों जगहों पर रोजाना खुले में शराब परोसी जा रही है। अमले द्वारा जांच कराई गई। मौके पर कई लोग शराब पीते हुए मिले।

लोग खुले में शराब पीते हुए मिले

# सौरभ, शरद और चेतन 29 मार्च तक ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल में ही रहेंगे

- वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुई सुनवाई, आयकर की पूछताछ हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग का करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके पार्टनर्स शरद जायसवाल एवं चेतन सिंह गौर 29 मार्च तक ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल में ही बंद रहेंगे। सोमवार को उनकी रिमांड की अवधि खत्म हो रही थी। रिमांड खत्म होने पर भोपाल जिला अदालत स्थित स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट और स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में इस मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने उनकी ज्यूडिश्यिल रिमांड आगामी 29 मार्च तक बढ़ा दी है।

सौरभ की तरफ से जमानत याचिका भी पिछले दिनों स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। विदित हो कि सौरभ के ठिकानों पर 18 दिसंबर 2024 को सबसे पहले लोकायुक्त पुलिस की टीम ने छापा मारा था। इसमें 100 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके बाद आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमों ने 19 दिसंबर को भोपाल के मेंडोरी इलाके में सुनसान स्थान से एक इनोवा कार में रखा 52 किलो सोना और 10 करोड़ की नकद राशि जब्त की थी। यह कार सौरभ के पार्टनर चेतन के नाम पर पंजीकृत थी।



### ईडी ने हासिल किए थे 200 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज

इसके बाद ईडी की टीम ने भोपाल समेत ग्वालियर, पुणे, इंदौर में छापेमारी कर सौरभ और उसके परिजनों एवं पार्टनरों की लगभग 200 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज भी हासिल किए थे। इसके अलावा सौरभ और उसके सहयोगियों के ठिकानों से लगभग 100 करोड़ की बेनामी संपत्ति के पेपर्स भी बरामद किए थे। सौरभ के 41 दिनों तक फरार रहने के बाद उसे भोपाल से ही कोर्ट जाते समय अरेस्ट कर लिया गया था। इसी दिन चेतन को भी हिरासत में लिया था, जबकि पूछताछ के लिए पहुंचे शरद जायसवाल को भी लोकायुक्त पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ सहित तीनों को एक सप्ताह के रिमांड पर लिया। रिमांड समाप्त होने के बाद स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट ने तीनों को रिमांड पर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया। इस बीच ईडी के आवेदन पर स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने तीनों को सात दिन के लिए ईडी को सौंपा। इसके खत्म होने के बाद तीनों 17 फरवरी को दोबारा जेल भेज दिए गए थे। इस बीच आयकर विभाग के आवेदन पर स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट ने तीनों से जेल जाकर पूछताछ की अनुमति दी थी।

## बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई जाने वाली ट्रेनों में नो रूम की स्थिति

# होली पर्व के बाद वापसी: छोटी से लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों में नहीं मिल रही सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली का त्योहार समाप्ति की ओर होने के साथ ही अब ट्रेनों में फिर रिजर्वेशन के लिए मारामारी शुरू हो गई है। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई जैसे बड़े शहरों को जाने वाली ट्रेनों में नो रूम (कोई सीट खाली नहीं) की स्थिति है, वहीं दिल्ली और ग्वालियर,रीवा आदि शहरों तक जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग के टिकट भी कंफर्म नहीं हो पा रहे हैं।

आमतौर पर लोग इस उम्मीद में वेटिंग टिकट ले लेते हैं कि उनकी बर्थ कंफर्म हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिससे होली के बाद घर से आने वाले ऐसे लोग जिन्होंने पहले से वापसी का रिजर्वेशन नहीं करवाया था, उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### दिल्ली और ग्वालियर, रीवा आदि शहरों की ट्रेनों में वेटिंग के टिकट भी नहीं हो पा रहे कंफर्म



### ट्रेनों में पैर रखने की भी नहीं जगह

रविवार व सोमवार को नई दिल्ली की ओर जाने वाली मंगला एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, पंजाब मेल, समता, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के सामान्य कोचों में काफी भीड़ रही। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी जवानों को प्लेटफार्म पर तैनात किया गया है, ताकि भीड़ अनियंत्रित नहीं हो। दिल्ली, मुंबई एवं पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनों के सामान्य बोगी में पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। सीट कंफर्म नहीं मिलने पर लोग सामान्य बोगी में किसी तरह सवार हुए।

**अभी भी चल रहीं स्पेशल ट्रेन**

रेलवे की ओर से वापसी में यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए अभी भी होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। साथ ही कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए है। **हर्षित श्रीवास्तव**, सीपीआरओ, पमरे जोन



# तीन महीने तक पैसों का करवाते रहे ट्रांजैक्शन

# डिजिटल अरेस्ट कर 86 साल की महिला से ठगे 20 करोड़!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में एक 86 साल की महिला से ठगों ने 20 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर ली। ये ठग खुद को पुलिस अधिकारी बताकर महिला को डराते रहे और तीन महीने तक पैसों का ट्रांजैक्शन करवाते रहे। 26 दिसंबर 2024 से 3 मार्च 2025 के बीच महिला को फोन पर बताया गया कि उनके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल हुआ है। ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी और परिवार पर भी असर पड़ने की बात कही। डर के माहौल में उन्होंने महिला को डिजिटल अरेस्ट में डाल दिया, जिससे वह किसी से कॉन्टेक्ट न कर सकें। इस दौरान उन्होंने महिला से करोड़ों रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

## दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि शायन जमील शेख और राजिक आजम बट नाम के दो आरोपी युवकों को पकड़ा है। दोनों की उम्र महज 20 साल है। शायन जमील शेख मुंबई मलाड (वेस्ट) का रहने वाला है। राजिक मीरा रोड (ईस्ट) का रहने वाला है। ये दोनों किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हिस्सा हो सकते हैं। जांच में पता चला है कि दोनों ने मिलकर 13 विदेशी लोगों का एक टेलीग्राम ग्रुप बनाया। फिर ठगी के लिए खातों की डिटेल्स साझा कीं।



## कैसे बचें ऐसे फ्रॉड से?

- अनजान कॉल पर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध कॉल की पहचान करने की कोशिश करें।
- डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर कोई आपको इस तरह की धमकी दे, तो नजरअंदाज करें।
- कभी भी आधार, बैंक डिटेल्स या ओटीपी जैसी निजी जानकारी फोन पर शेयर न करें।
- अगर कोई सरकारी अधिकारी होने का दावा करे, तो उसकी पहचान खुद वेरिफाई करें।
- ऐसे किसी भी कॉल को तुरंत काट दें और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

## ठग कैसे सफल हो जाते हैं?

भले ही साइबर अपराध को लेकर जागरूकता बढ़ रही हो, फिर भी कई लोग इसका शिकार बन रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि ठग मनोवैज्ञानिक रणनीतियों से लोगों को भ्रमित कर देते हैं। वे खुद को पुलिस अधिकारी या सरकारी एजेंट बताकर कहते हैं कि आपके नाम पर गैरकानूनी काम होने का फ्रॉड करते हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा. सूचना क्रमां 40/2024-25/लेखा/का.यं./ लो.स्वा.यां.खंड/राजगढ़/दि..........

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ जिले के विकास खण्ड नरसिंहगढ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत के विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं में शेष कार्य की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है ।

| निविदा क्र. / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकाय खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू. लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40/24-25 दि. 13. 03.25 | 2025_PHED_407562_pack1 | राजगढ के विकास खण्ड नरसिंहगढ | राजगढ जिले के विकास खण्ड नरसिंहगढ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत के विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं में शेष कार्य की निविदा | 16.92 लाख | 33840.00 | 2000.00 | 60 दिवस वर्षा काल छोडकर | |

ऑन लाईन निविदा क्रय कॅरने की अंतिम तिथि 24.03.2025
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि 26.03.2025

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

जी - 24476/24 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतम नगर, जिला भोपाल (म.प्र.)

क्र./ था.प्र./गौतम नगर / भो / डी. 165A/25 भोपाल, दिनांक-12-02-25

// जाहिर सूचना //



कैफियत मामला इस प्रकार है कि दिनांक 31.01.25 शारदा नगर में हनुमान मंदिर के पीछे पटरी के किनारे रेल्वे पटरी खम्बा 235/3 से 235/5 के बीच में एक व्यक्ति पड़ा हुआ था जिसके चेहरे पर चोट लगी है खून निकल रहा है दोनो पैर टूटे हुये दिखाई दे रहे है उसमें कोई हलचल नही हो रही है ऐसा लग रहा है अभी थोडी देर पहले ट्रेन निकली थी उसकी चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो चुकी है। सूचक की सूचना पर मर्ग क्र.-04/25 धारा-194 बीएनएसएस का कायम कर जांच मे लिया गया। मृतक का हुलिया- कद करीबन 5 फिट, रंग सांवला/गेहुंआ, चेहरा गोल, गठीला बदन है, कपडे सफेद शर्ट व काली पेंट पहने है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात मृतक पुरुष उम्र 40 वर्ष करीबन निवासी अज्ञात के बारे में किसी को कोई जानकारी हो या पता चले तो थाना गौतम नगर, भोपाल के निम्न पते पर सूचित करने का कष्ट करें। संपर्क नंबर-0755-2730830, 7049105383, 9479990623 जाचँ कर्ता-7587601559

थाना प्रभारी
थाना गौतम नगर, भोपाल
फोन नंबर : 0755-2730830

G-24493/24 " स्वच्छता ही सेवा "


## पेज एक का शेष

### गीता उपदेश से ...

से बहुत प्यार है। जब मैं यहां होती हूं तो मुझे हमेशा घर जैसा महसूस होता है। लोग बहुत स्वागत करने वाले और दयालु हैं। यहां खाना हमेशा स्वादिष्ट होता है। दाल मखनी और ताजा पनीर के साथ कुछ भी स्वादिष्ट होता है।

### अब मोबाइल से ...

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एप को लॉन्च कर दिया है। यही नहीं कोलकाता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहला सुविधा केंद्र भी शुरू हो गया है। इन कदम से युवाओं के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और देश की टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान हो जाएगा। योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख काफी नजदीक है। पहले इसकी अंतिम तारीख 12 मार्च, लेकिन अभी इसे बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है।

### देशभर में बनेंगे ...

पहले दौर में 1.27 लाख युवाओं के इस योजना के तहत इंटर्नशिप करने का अवसर मिला था। दूसरे दौर में भी 1.25 लाख से ज्यादा युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया है।

### दो गुटों में पथराव...

पर वाहनों में तोड़फोड़ की। सड़क पर ई-रिक्शा और ऑटो को पीछे करके सड़क जाम करने की भी कोशिश की गई। सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। ई-रिक्शा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी तैनात कर दी गई है और पुलिस कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर समेत सभी अधिकारी पहुंच गए हैं और स्थिति पर काबू पाने की कोशिश में लग गए हैं।

नागपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि अभी स्थिति शांतिपूर्ण है। एक तस्वीर जलाई गई जिसके बाद लोग इकट्ठा हुए, उन्होंने आग्रह किया और हमने इस संबंध में कार्रवाई भी की। वे मुझसे मिलने मेरे ऑफिस भी आए थे। उन्हें बताया गया कि उनके द्वारा बताए गए नामों के आधार पर एक एफआईआर दर्ज की गई है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना रात 8 से 8.30 बजे के आसपास हुई। पुलिस तलाशी अभियान चला रही है और इसमें शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। हमने कम से कम 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। धारा 163 लागू कर दी है और सभी से कहा गया है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और कानून को अपने हाथ में न लें। अफवाहों पर विश्वास न करें। इस क्षेत्र को छोड़कर, पूरा शहर शांतिपूर्ण है।'

**गलतफहमी की वजह से बनी स्थिति-डीसीपी:** डीसीपी नागपुर अर्चित चांडक ने कहा कि यह घटना कुछ गलतफहमी के कारण हुई। स्थिति अभी नियंत्रण में है। यहां हमारा बल मजबूत है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे बाहर न निकलें या पथराव न करें। पथराव हो रहा था, इसलिए हमने बल का प्रदर्शन किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। कुछ वाहनों में आग लगा दी गई, हमने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए, पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। लेकिन हम सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह करते हैं। अफवाहों पर भरोसा न करें। कानून व्यवस्था को भंग न करें और पुलिस का सहयोग करें। हम कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।'

**नितिन गडकरी ने की शांति की अपील:** केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने कहा कि कुछ अफवाहों के कारण नागपुर में धार्मिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। शहर का इतिहास ऐसे मामलों में शांति बनाए रखने के लिए जाना जाता है। मैं अपने सभी भाइयों से आग्रह करता हूं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें। सड़कों पर न निकलें। कानून व्यवस्था में सहयोग करें।

### किसने क्या कहा...

कार सेवाः गोविंद शेंडे, मंत्री, विश्व हिंदू परिषद

▶▶ औरंगजेब की कब्र पर बुलडोजर चलवाओः टी राजा सिंह, भाजेपी विधायक, तेलंगाना

▶▶ कब्र से ज्यादा जरूरी है औरंगजेबी सोच में बदलावः दिनेश शर्मा, सांसद, भाजपा

### कांग्रेस ने किया ...

जनजातीय विधायक स्पीकर की बात मानने के लिए तैयार नहीं हुए और आसंदी के पास ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान विधायकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### मारे गए आदिवासी...

मानने के लिए तैयार नहीं हैं। वे इसे आदिवासियों को बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं। इसी मुद्दे को सदन में शून्यकाल के दौरान उठाया गया था।


## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

### Sewage Department

Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal

### NOTICE INVITING e-TENDER

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtain detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No./ Call No. | Tender ID. | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 243/SEW/ BMC/2024-25 Third call | 2025_UAD_396202_3 | PROVIDING, LAYING AND JOINTING OF SEWER LINE AND Construction of Manholes Near Ishwar Nagar Gate to Redisson Hotel of Ward No. 50, Under Zone No. 10 | 16,86,282.00 | 12,651.00 | 28.03.2025 |
| 2. | 244/SEW/ BMC/2024-25 First call | 2025_UAD_409653_1 | PROVIDING AND LAYING OF SEWER LINE AND CHAMBERS NEAR HIMALAYA RESIDENCY MISROD UNDER WARD 52, ZONE 13 | 26,42,070.00 | 19,816.00 | 14.04.2025 |
| 3. | 245/SEW/ BMC/2024-25 First call | 2025_UAD_409674_1 | PROVIDING AND LAYING OF SEWER LINE AND CHAMBERS AT G-2 GULMOHAR COLONY WARD 51,ZONE 06 | 16,60,230.00 | 12,452.00 | 15.04.2025 |
| 4. | 246/SEW/ BMC/2024-25 First call | 2025_UAD_409688_1 | PROVIDING AND LAYING SEWER LINE AND MANHOLE AT AAMRA VIHAR PHASE 3 WARD-83, ZONE-18 | 2,73,185.00 | 2,732.00 | 26.03.2025 |
| 5. | 247/SEW/ BMC/2024-25 Second call | 2025_UAD_401922_2 | PROVIDING LAYING AND JOINTING NEW SEWAGELINE CONNECTING WITH AMRUT LINE AT OM NAGAR BASTI WARD 83, ZONE 18 | 24,10,577.00 | 18,080/- | 01.04.2025 |

T.N.1518/024/025

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhopal



## OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT. 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993**

RC/46/2024 06-02-2025

**INDIAN BANK (ALLAHABAD BANK)**
**Versus**
**PHUNDI LAL PATIDAR**

To
**(CD1)PHUNDI LAL PATIDAR**
VILL JHARKHEDA, TEH-SHYAMPUR, SEHORE (MP)-466001
**(CD2) RAKESH PATIDARI**
VILL-JHARKHEDA, TEH-SHYAMPUR, DIST SEHORE (MP)-466001
**(CD3) BALRAM MEENA**
VILL-JHARKHEDA, TEH-SHYAMPUR, DIST-SEHORE (MP)-466001

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **01/04/2024 in OA/656/2021** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 2474957 (Rupees Twenty Four Lakhs Seventy Four Thousands Nine Hundred Fifty Seven Only)** along with pendentellite and future interest @10% w.e.f. **06/08/2021** till realization and costs of **Rs. 27000 (Rupees Twenty Seven Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable /Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **27/03/2025 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of properly**

Khasra No. 307/1(S), 309, 308/1, 308/2, 341, 342/1, 342/2, 345/6, area admeasuring 1.775 Hect Village- Jharkheda Tehsil-Doraha, District-Sehore (M.P)
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **06/02/2025**

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644


### संबल सहित कई ...

फाउंडेशन को नियम विरुद्ध जमीन आवंटित की गई। इससे 65.5 करोड़ रुपए राजस्व का नुकसान हुआ। कैग रिपोर्ट में प्राकृतिक आपदा में दी जाने वाली राहत राशि में अनियमितता का खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक 2018 से 2022 तक 13 जिलों में अपात्र लोगों को राशि बांट दी गई। कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों समेत अपात्र लोगों को 23.81 करोड़ की राहत राशि दी गई। रिपोर्ट में अंत्येष्टि सहायता राशि में भी गड़बड़ी सामने आई है। श्रमसेवा पोर्टल के डेटा के विश्लेषण पर सामने आया कि 142 मामलों में जिन 52 खातों में 1.68 करोड़ की राशि जमा की गई वह खाते पंजीकृत श्रमिकों के नहीं थे। रिपोर्ट के अनुसार विवाह सहायता के 86 मामलों में बिना पंजीकृत श्रमिकों के 41 बैंक खातों में 38.92 लाख की राशि की जमा की गई।

### भूपेंद्र : होली मनाओ,...

है, वह लिख लो। बहुत से चैनल चल रहे हैं। कई लोगों की धड़कन ऊपर नीचे हो रही है। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने लिखा एक तरफ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शराबबंदी की बातें कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह दो पैग ज़्यादा मारने की सलाह दे रहे हैं। ग़ज़ब का दोहरा-चरित्र है।

### कूनो नेशनल...

साथ खुले जंगल में छोड़े गए उसके चारों शावक सालभर के हो चुके हैं, जिनमें दो नर और दो मादा शावक हैं, जो पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। गामिनी और उसके चार शावकों सहित पांच चीतों के खुले जंगल में छोडने के बाद अब कूनो पार्क के खुले जंगल में भ्रमण करने वाले चीतों की संख्या 17 हो गई है। जिनमें 11 शावक और छह वयस्क चीते शामिल हैं।

### सीनियर आईपीएस ...

शर्मा ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय मामलों और सार्वजनिक नीति में मास्टर्स किया था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का विशेष अध्ययन किया था। उन्होंने चार महाद्वीपों में काम किया था। सैन डिएगो, यूएसए के मेयर ने शर्मा को सम्मानित किया था। 20 जुलाई 2015 को 'मनीष एस शर्मा दिवस' घोषित किया गया था। यह सम्मान उन्हें भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए दिया गया था। इसके अलावा, उन्हें यूएस हाउस ऑफ रिप्रिजेंटेटिव्स का सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल कांग्रेसनल रिकग्निशन भी प्रदान किया गया था। शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।

### पुलिस सेवा में ...

रह चुके हैं। वर्ष 1997-1998 में मनीष शंकर शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हर्जेगोविना में सेवाएं प्रदान कीं, जहां उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा, वे सुरक्षा निदेशक (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) और टी-बोर्ड ऑफ इंडिया के निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13



हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5808



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5807 का हल



## सूडोकु नवताल - 5818

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5817 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### ट्रांसयूनियन सिबिल और एफएसीई ने की साझेदारी

**मुंबई।** ट्रांसयूनियन सिबिल और फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) भारत में वित्तीय साक्षरता और ऋण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी कर रहे हैं। सिबिल जागरण नामक इस पहल का उद्देश्य ऋण शिक्षा में सुधार करना और फिनटेक समाधानों के माध्यम से उपभोक्ताओं के लिए ऋण तक आसान पहुंच को सुगम बनाना है। समझौते के तहत, ट्रांसयूनियन सिबिल नॉलेज और विशेषज्ञता प्रदान करेगा और सह-ब्रांडेड और अनुकूलित शैक्षिक सामग्री विकसित करेगा।

### आरआईआईटी एनएसई में सूचीबद्ध किया

**मुंबई।** इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया। इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डैनी सैमुअल और नए बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे।

### अमेजन ने की यूथ4जॉब्स के साथ साझेदारी

**मुंबई।** अमेजन इंडिया, भारत में विकलांग युवाओं को गरीबी मुक्त जीवन जीने में मदद करने वाले संगठन यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ गठजोड़ कर रही है। इस भागीदारी का उद्देश्य है, विकलांग महिला विक्रेताओं को अमेजन.इन के जरिए अपने व्यवसाय के ऑनलाइन विस्तार में सहायता प्रदान करना। अमेजन सहेली कार्यक्रम के जरिए प्रतिभाशाली विकलांग महिलाओं को व्यापक बाज़ार के अवसरों से जोड़ेगी।

### तीन नए डिजिटल एलईडी बिलबोर्ड लांच

**मुंबई।** ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने संयुक्त उद्यम भागीदार के साथ मिलकर मुंबई में तीन नए डिजिटल एलईडी बिलबोर्ड लांच किए हैं। पहला कल्याण रेलवे स्टेशन वेस्ट, दूसरा बांद्रा रेलवे स्टेशन वेस्ट और तीसरा ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे। इन नए इंस्टालेशन के साथ कुल 1,840 वर्ग फुट का नया आउट ऑफ होम विज्ञापन क्षेत्र जोड़ा गया है।

### फोर्स एनएक्सटी का नया अभियान युवाओं पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। फोर्स एनएक्सटी के नवीनतम टेलीविजन विज्ञापन में साहसिक नारा फॉर व्हाट्स एनएक्सटी प्रस्तुत किया गया है।

### यूवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

**नई दिल्ली।** छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड यूवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है, जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते यूवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुचाने का प्रयास किया गया है।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ने किया महिलाओं को सम्मानित

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने रचनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन महिला डिजाइनरों को सृजनशक्ति नेशनल अवॉर्ड प्रदान किया। वर्ष 2025 के अवॉर्ड्स के लिए तीन वर्गों में नामांकन आमंत्रित किए गए थे और गहरी विशेषज्ञता रखने वाले एवं कला, डिजाइन और विरासत को लेकर गहन रूप से प्रतिबद्ध जजों के पैनल ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के विजेताओं के नामों पर निर्णय किया।

## उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाओं के लिए जियो ने स्पेसएक्स से हाथ मिलाया

# दुर्गम व दूर-दराज के इलाकों में भी मिलेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुकेश अंबानी की जियो प्लेटफाम्र्स लिमिटेड (जेपीएल) और एलन मस्क की स्पेसएक्स ने भारत में स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया है। इस समझौते के बाद अब भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों सहित पूरे देश में उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड सेवाएं मिलने लगेंगी। इससे उन दुर्गम इलाकों को भी आसानी से कनेक्ट किया जा सकेगा जहां कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किल काम है। समझौते में शामिल कंपनियों में से एक जियो जहां दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल ऑपरेटर है तो वहीं स्टारलिंक दुनिया का अग्रणी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन ऑपरेटर है।




### हाई स्पीड इंटरनेट जियो एयरफाइबर और जियो फाइबर का पूरक साबित होगा

जियो के ग्राहकों को स्टारलिंक के सॉल्युशन्स जियो-स्टोर्स के साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। जियो ने अपने बयान में कहा है कि स्पेसएक्स के साथ समझौते से विश्वसनीय इंटरनेट पूरे भारत में सभी उद्यमों, छोटे और मध्यम व्यवसायों और समुदायों को सुलभ कराया जा सकेगा। स्टारलिंक सबसे चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तेज़ और किफ़ायती तरीके से हाई स्पीड इंटरनेट का विस्तार करके जियोएयरफाइबर और जियोफाइबर का पूरक साबित होगा। दोनों कंपनियां भारत के डिजिटल इको सिस्टम में सहयोग के अन्य रास्ते भी तलाश करेंगी।

### यह जियो की सर्वोच्च प्राथमिकता : ओमन

रिलायंस जियो के ग्रुप सीईओ मैथ्यू ओमन ने कहाकि हर भारतीय की किफायती और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तक पहुंच हो, यह जियो की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्टारलिंक को भारत में लाने के लिए स्पेसएक्स के साथ हमारा सहयोग हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और सभी के लिए बिना रूकावट ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। जियो के ब्रॉडबैंड इकोसिस्टम में स्टारलिंक को एकीकृत करके, हम अपनी पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और इस एआई-संचालित युग में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड की विश्वसनीयता और पहुंच को बढ़ा रहे हैं, जिससे देश भर के समुदायों और व्यवसायों को सशक्त बनाया जा सकेगा।

## भोपाल में प्रॉपर्टी के लैंड यूज पिछले 20 सालों से यथावत

# जारी है प्रतिवर्ष गाइडलाइन की दरों और संपत्ति के मूल्यांकन में बदलाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विडंबना है कि भोपाल में प्रॉपर्टी के लैंड यूज पिछले 20 सालों से यथावत रखे गए हैं, परंतु गाइडलाइन दरों और संपत्ति के मूल्यांकन में प्रतिवर्ष बदलाव जारी हैं, बल्कि इस वित्तीय वर्ष से तो लगता है सरकारी रेट पूरे साल डायनैमिक या रियल टाइम बेसिस पर रखने के प्रयास हो रहे हैं, जबकि प्रॉपर्टी की वास्तविक कीमतें जानने की कोई वैज्ञानिक विधि निर्धारित नहीं है। गाइडलाइन दरों में बदलाव के उल्लेखित सिद्धांतों में कई बिंदु मात्र अनुमान पर आधारित हैं। अनियोजित राजधानी में प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर की घोषणा जमीनों की कीमतों में अवांछनीय अटकलबाजी बढ़ाती है। योजनाओं का अत्यन्त धीमा जमीनी क्रियान्वयन और इसपर आधारित कीमतों में अनावश्यक वृद्धि बाजार और राजस्व पर विपरीत प्रभाव डालती हैं।

### ◆ उपबंधों को तत्काल समाप्त करें तथा अगले तीन वर्षों के लिए सर्किल रेट में कोई वृद्धि न करें



इसके अतिरिक्त, इस प्रकार की नीतियों का प्रतिकूल प्रभाव राज्य के राजस्व पर भी पड़ सकता है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों के अनुभव से यह साबित हुआ है कि अत्यधिक सर्किल रेट से संपत्ति लेन-देन में कमी आती है, जिससे राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं होती। हमारी मांग है कि राज्य सरकार गाइडलाइन रेट प्री-कोविड इयर के स्तर लाए, उपबंधों को तत्काल समाप्त करें तथा अगले तीन वर्षों के लिए सर्किल रेट में कोई वृद्धि न करे और इस अवधि में निवेश, व्यापार, और राजस्व की स्थिति का निष्पक्ष आकलन किया जाए। यह कदम जनहित में होगा राज्य, राजधानी और राजस्व के विकास में योगदान देगा। सरकार से आग्रह है कि इस वृद्धि पर पुनर्विचार कर लोकहित और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करें।

### सर्किल रेट में संपत्ति में कई गुना वृद्धि, बाजार अस्थिर हो गया

राजधानी में सर्किल रेट में प्रस्तावित वृद्धि का रियल एस्टेट उद्योग, आम जनता और प्रधानमंत्री के 'हाउसिंग फॉर ऑल मिशन के लक्ष्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पिछले दशक में इंदौर के मुकाबले भोपाल में सर्किल रेट में कई गुना वृद्धि पहले ही हो चुकी है, जिससे संपत्ति बाजार अस्थिर हो गया है। इसका परिणाम यह हुआ कि भोपाल में निवेश में कमी आई है और संपत्तियों की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना एक बड़ी चुनौती बन गया है। सर्किल रेट बढ़ाने से प्रापर्टी टैक्स में सीधी वृद्धि होती है जिससे आमजन बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

### वृद्धि पर क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल दर्ज करा चुका विरोध और आपत्ति


क्रेडाई भोपाल इकाई के अध्यक्ष मनोज मीक ने बतायाकि क्रेडाई का प्रतिनिधि मंडल विगत तिमाही में प्रस्तावित वृद्धि पर पहले ही उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर विरोध और आपत्ति दर्ज करा चुका है। तीन वर्षों के स्टेबल लॉक-इन पीरियड की मांग यथावत है। गाइडलाइन में प्रस्तावित वृद्धि का अध्ययन कर रहे हैं।

## सोना 90 हजार और चांदी लाख रुपए के हुई पार

# सोने-चांदी की कीमतों ने बनाया नया ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे दोनों धातुएं अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं। स्थानीय सराफा बाजार में सोना 24 कैरेट 90600 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पहुंच गया है, जबकि चांदी 1 लाख 1 हजार रुपए प्रति किलो ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। चांदी के कीमतों में सोमवार को 2500 रुपए प्रति किलो की तेजी आई है इसके पहले शनिवार को चांदी के भाव 98500 रुपए किलो ग्राम थी।



### महंगे सोने ने बदला ट्रेंड, ग्राहक खरीद रहे कम कैरेट और हल्के वजन की ज्वेलरी

सोने की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं के खरीदारी पैटर्न में बड़ा बदलाव ला दिया है। शादी-ब्याह और अन्य पारंपरिक मौकों पर सोने की मांग बनी हुई है,लेकिन अब लोग भारी गहनों के बजाय हल्के वजन और कम कैरेट के आभूषणों की ओर रुख कर रहे हैं। आभूषण कारोबारियों का कहना है कि उच्च कीमतों के चलते ग्राहक 18 कैरेट या उससे कम शुद्धता वाले गहनों को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। साथ ही पुराने गहनों को बदलकर नए गहने लेने का चलन भी तेज हो गया है।

### मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर हो रहा सोना

संजीव गर्ग (गांधी) ने बताया कि मौजूदा उच्च कीमतों के कारण निम्न और मध्यम वर्ग के लिए सोने की खरीदारी कठिन होती जा रही है, जबकि ये वर्ग मात्रा के हिसाब से सबसे बड़े खरीदार हैं। सोने की वैश्विक कीमतों में इस उछाल की एक प्रमुख वजह जर्मनी द्वारा बड़े पैमाने पर उधारी लेने और अमेरिका-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण निवेशक सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोने की ओर रुख कर रहे हैं। अमेरिका स्थित एल्गोरिदम विश्लेषक और अरोड़ा रिपोर्ट के लेखक निगम अरोड़ा के अनुसार सोने की कीमतें सरकारी उधारी बढ़ने पर चढ़ती हैं, क्योंकि फिएट मुद्राएं कमजोर होने पर सोना निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करता है। हालांकि मौजूदा तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा अमेरिकी व्यापार नीतियों को लेकर अस्थिरता और सोने पर संभावित आयात शुल्क बढ़ने की आशंका के कारण निवेशकों में घबराहट बढ़ी है। अमेरिका में अधिक फिजिकल स्टॉक भेजे जाने से भी सोने की कीमतों में तेजी आई है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण में ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण में प्रगति विषय पर व्याख्यान




**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण में प्रगति विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम नवाचारों, ऊर्जा भंडारण के हालिया रुझानों, वितरित ऊर्जा संसाधनों तथा पावर सेक्टर में तकनीकी उन्नयन की गहन जानकारी दी गई। इस व्याख्यान के प्रमुख वक्ता सतीश चंद्र तिवारी, प्रबंधक, मप्र विद्युत मंडल, भोपाल थे। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन और वितरण में हो रहे तकनीकी परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की और छात्रों को इस क्षेत्र में कॅरियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में राधारमण समूह की ओर से ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लाहिरी, डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह और डॉ. सबीना मुबीन उपस्थित रहे। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि राधारमण समूह तकनीकी शिक्षा को उद्योग-उन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह व्याख्यान छात्रों को ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने और उनके व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करने में सहायक होगा। भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक सत्रों का आयोजन किया जाता रहेगा।

### स्कोप यूनिवर्सिटी में हुआ सीआईआई का तीन दिवसीय 'एआई इमर्जन' प्रोग्राम



**भोपाल।** कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज द्वारा उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए तीन दिवसीय एआई इमर्जन वीक का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय (एसजीएसयू) परिसर में गया है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में एक्सपर्ट ट्रेनर द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मार्केटिंग, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, सायबर सिक्योरिटी और बिजनेस प्लानिंग के क्षेत्र में एआई के उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी साझा की गई जिससे उद्योग के विभिन्न आयामों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके और उच्च उत्पादकता को प्राप्त कर सकें। इस कार्यशाला के तहत अपग्रेड की ओर से प्रतिभागियों को सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया। इस तीन दिवसीय वर्कशॉप में प्रत्येक दिवस दो बेचेज को ट्रेनिंग दी गई,जिसमें तीन घंटे की मास्टर क्लास शामिल रही। इसमें विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत जानकारी समेत कई टूल्स के प्रभावी उपयोग की जानकारी साझा की जिससे उद्यमी अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित कर सकें। इस पहल पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का महत्व बढ़ता जा रहा है ऐसे में एआई संबंधित कौशल विकास आज की मूलभूत आवश्यकता बन गया है। वहीं एसजीएसयू के कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और कुलगुरू डॉ. विजय सिंह ने कहा कि बढ़ते एआई के महत्व के मद्देनजर हम एआई के क्षेत्र में कई पहल कर रहे हैं। सीआईआई के साथ एआई वर्कशॉप इसी कड़ी में एक पहल है।

### टेंट व्यवसायियों का होली मिलन समारोह



**भोपाल।** भोपाल टेंट लाइट केटर्स एसोसिएशन कोलार इकाई द्वाराहोली मिलन समारोह कृतिका मैरिज गार्डन कोलार रोड पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। होली मिलन समारोह में जबलपुर से आए कलाकार द्वारा राधा-कृष्ण की जोड़ी का मनोहारी प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के साथ सभी व्यापारी बंधुओं ने भी नृत्य का आनंद लिया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, सभी को गिफ्ट दी गई सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के चेयरमैन रिंकू भटेजा, रामबाबू शर्मा, संजय जैन, रिंकू भटेजा, स्वदेश सोनी,भारत सोनी,प्रभात सोनी, महेश यादव, कैलाश सिंह राठौड़,हरि यादव,केशव सिंह भदोरिया, वीरेंद्र यादव, गेंदालाल, धीरज सिंह चंदेल, शैलेश भाई, पप्पू यादव, महेंद्र मीना एवं रामभोर दादा उपस्थित रहे।

### असाटी समाज के होली मिलन समारोह में हुआ सम्मान




**भोपाल।** असाटी समाज समिति भोपाल द्वारा समाज के निर्माणाधीन भवन, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन एवं पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन थे। विशेष अतिथि रमेश असाटी (दमोह) पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अभा असाटी महासभा तथा विशेष आमंत्रित सदस्य योगेश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य आरआर असाटी (सलाहकार महासभा एवं संरक्षक वैश्य महासम्मेलन),अशोक गुप्ता (अंबर)महामंत्री वैश्य महासम्मेलन थे। कार्यक्रम में अतिथियों तथा सभी समाज बंधुओं का गुलाल एवं तिलक से सम्मान व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुधीर अग्रवाल ने कार्यक्रम में महिलाओं की अच्छी उपस्थिति की तारीफ की एवं समाज के इस तरह आयोजन के महत्व को बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को संगठित रहने के लिए प्रेरित करते हैं। वैश्य महासभा में असाटी समाज को उन्होंने महत्वपूर्ण घटक बताया। साथ ही उन्होंने बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए भी सचेत किया। इस अवसर पर अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि ने सभी को राजधानी भोपाल निर्माणाधीन अखिल भारतीय स्तर भवन की रूपरेखा से लेकर चल रहे निर्माण तक की जानकारी से विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा दान दाताओं के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया हैं।

### सीईपीटी यूनिवर्सिटी ने समर 2025 के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सीईपीटी यूनिवर्सिटी ने हाल ही में अपने समर 2025 कोर्सेस के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की है यह पाठ्यक्रम उन सभी विद्यार्थियों के लिए खुला है, जिन्होंने 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, साथ ही पेशेवरों के लिए भी। उनका नामांकन इस आधार पर किया जाएगा कि उनकी शिक्षा उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के साथ कितनी सुसंगत है। इच्छुक छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण 19 माच से दोपहर 12 बजे शुरू होगा और 21 मार्च 2025 को शाम 6 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। समर पाठ्यक्रम प्रारंभतिथियों के लिए पंजीकरण ऑनलाइन और भारत के भीतर विदेश में यात्रा मोड से अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 19 मई 2025 तक और सीईपीटी में परिसर में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 26 मई, 2025 तक किया जा सकता है। इन कोर्सेस के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए एकेडमिक्स के डिप्टी प्रोवोस्ट प्रोफेसर चिरायु भट्ट ने कहा सीईपीटी का एसडब्ल्यूसी प्रोग्राम विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है सहपाठियों के साथ सीखने से उन्हें विविध दृष्टिकोणों की समझ मिलती है और क्रेडिट अर्जित कर वे अपनी शैक्षणिक लचीलापन बढ़ा सकते हैं।

## ईकोफ्यूल के पास बीएस-6 अनुपालन में प्रमाणित सबसे ज्यादा कारें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऑटोमोटिव सेक्टर में सतत ईंधन समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी इकोफ्यूल को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके 22 कार मॉडलों को भारत स्टेज-6 (बीएस6) उत्सर्जन मानकों के तहत पूर्ण प्रमाणन प्राप्त हुआ है। ये मानक वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए हैं। यह उपलब्धि इकोफ्यूल की उस विचारधारा को दर्शाती है, जिसे कंपनी ने वर्षों से अपनाया हुआ है। यानी पर्यावरण संरक्षण और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कमी। अब तक, इकोफ्यूल ने 10 लाख से अधिक वाहनों को सफलतापूर्वक परिवर्तित किया है और पूरे देश में 4 लाख से अधिक सीक्वेंशियल किट्स की आपूर्ति की है। इस तेज़ विकास का श्रेय इकोफ्यूल की मजबूत और प्रभावी सेवा प्रणाली को जाता है, जो पूरे भारत में फैली हुई है और ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देती है।

इको फ्यूल सिस्टम्स के फाउंडर और चेयरमैन वीरेन्द्र वोरा ने कहाकि इकोफ्यूल में हमारा लक्ष्य हमेशा से नवाचार को पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के साथ जोड़ना रहा है। इकोफ्यूल के सभी उत्पाद भारतीय और यूरोपीय मानकों का 100 फीसदी अनुपालन करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को न केवल बेहतरीन वाहन प्रदर्शन मिलता है, बल्कि वे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं। देशभर में 400 से अधिक डीलरशिप के माध्यम से अब अधिक ग्राहक इकोफ्यूल के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का लाभ उठा सकते हैं।

## होंडा ने अपडेटेड 'शाइन 100' लांच की, कीमत 68,767 रुपए

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपडेटेड ओबीडी2बी-कॉम्प्लाएंट शाइन 100 को जबर्दस्त स्टाइल के साथ पेश किया है। नई 2025 होंडा शाइन 100 की कीमत 68,767 रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई की डीलरशिप्स पर उपलब्ध है।

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने अपडेटेड शाइन 100 पेश करते हुए कहाकि हमें भारत में अपने ग्राहकों के लिए नई ओबीडी2बी- कॉम्प्लाएंट शाइन 100 पेश करते हुए खुशी हो रही है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से, शाइन 100 ने एचएमएसआई के मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग के डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहाकि शाइन 100 एंट्री लेवल के मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक मजबूत सवारी है।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम-सूचना**

क्रमांक 9601/ राजस्व/भोविप्रा/25, भोपाल दिनांक 13/03/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की सरदार वल्लभ भाई पटेल मिसरोद फेस-02. योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-605 सेक्टर-डी, मोनिका शिवहरे पुत्री श्री सुरेश चंद्र शिवहरे के नाम पर आवंटित है। आवंटी मोनिका शिवहरे के मुख्तार आम श्री संदीप कुमार शिवहरे द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय, श्रीमती माया रघुवंशी पत्नी श्री जयराम सिंह रघुवंशी को करना चाहते है। आवंटी के मुख्तार आम श्री संदीप कुमार शिवहरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं शपथ-पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का विक्रय किये जाने हेतु हस्तातरण अनुमति चाही गई है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**पश्चिम मध्य रेल**

ई-निविदा सूचना दिनांकः 17.03.2025

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा.-भो-नि.-23-2025, **कार्य का नामः भोपाल मंडलः-** भोपाल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 2/3, प्लेटफार्म 4/5 और प्लेटफार्म 6 के नए पुल पर उपलब्ध कराई गई यात्री लिफ्ट का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (लिफ्ट की क्षमता- 15 व्यक्ति, M/s OTIS मेक, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह, **अनुमानित लागत (₹ ):** ₹ 27,29,700.00, **अग्रिम राशि (₹):** ₹ 54,600.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 04.04.2025 को 11:00, **नोटः** संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है।

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)
मं.रे.प्र.कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल
रानी कमलापति स्टेशन के समीप

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद इस्माईल पुत्र मोहम्मद सईद निवासी मकान नं 04, रहीम चौक बाल विहार ग्राउन्ड भोपाल म.प्र द्वारा एक किता प्लाट नं-71 का दक्षिण भाग जिसका क्षेत्रफल 30x30 अर्थात् 900 वर्गफीट एवं प्लाट नं-71 का उत्तरी भाग जिसका क्षेत्रफल 30x30 अर्थात् 900 वर्गफीट है, को क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा की गई है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय संव्यवहार अथवा उक्त संपति अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैक, सोसायटी को कोई भी आपति या हित हो अथवा कोई ऋण, भार, दान, बंधक अनुबंध हो तो वह प्रकाशन के सात दिवस में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के लिखित में आपति प्रस्तुत करें। समय अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त संपति का विक्रय पत्र निष्पादित करवा कर उसका पंजीयन, पंजीयन कार्यालय में करा लेगा।

भवदीय (विशाल सिंह कुशवाह) अधिवक्ता
पता-79, कम्फर्ट ग्रीन नियर
न्यू सेन्ट्रल जेल, भोपाल मो: 9993375594

**कार्यालय नगर परिषद् कुंभराज, जिला गुना म.प्र.**

ई/नप./24-25/181 कुंभराज, दिनांक -13/03/2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय कॉल**

ऑनलाइन लमसम दर बोलियां निम्नलिखित कार्य के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मो से आमंत्रित की जाती है।

| S. NO. | Tender No. | Name of Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 409334_ 1 | नगर कुंभराज की जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तार कार्य (अमृत 2.0) | 302.58 | 151289 | 15000 | केन्द्रीयकृत |

(1) टेण्डर डाउनलोड दिनांक 13/03/2025 से वित्तीय दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.03.2025 तक
(2) निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in उक्त बेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
(3) कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर परिषद् कुंभराज
जिला-गुना म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न.प. कुंभराज जिला-गुना म.प्र.

## चिंतन

# विदेशों में भारत विरोधी गतिविधियां अस्वीकार्य

अमेरिका व यूरोप समेत विदेशी मुल्कों से भारत विरोधी गतिविधियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली काफी मुखर है। पिछले दो तीन वर्ष में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गुटों की गतिविधियां सामने आई हैं। भारत द्विपक्षीय वार्ता में संबंधित मुल्कों को अपनी चिंता से अवगत कराता रहा है और ऐसे गुटों, संगठनों व लोगों पर कार्रवाई की मांग करता रहा है। खलिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी के चलते ही कनाडा के भारत से संबंध में कड़वाहट आई। भारत की यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लुक्शन के साथ बातचीत में पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर नई दिल्ली की चिंता जाहिर की है। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के सामने भी खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाने और इसकी भारत-विरोधी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूएस डीएनआई तुलसी गबार्ड से एसएफजे की गतिविधियों पर अमेरिका से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। भारत ने यूएस से कहा है कि 'सिख फॉर जस्टिस' अमेरिकी धरती से भारत के खिलाफ उकसावे वाली और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों के लिए भी खतरा बन सकता है। भारत ने एसएफजे को 2019 से ही गैरकानूनी घोषित कर रखा है। सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार खालिस्तानी अलगाववादी समूह मानती है। इसकी स्थापना 2007 में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने की थी। संगठन का मुख्य लक्ष्य पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की स्थापना करना है। तुलसी गेबार्ड ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की है, जिसमें भी उन्हें खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया है। भारत नई दिल्ली के खिलाफ आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों को खत्म करने के प्रति प्रतिबद्ध है और विदेशी धरती पर ऐसे किसी भी कुकृत्य को हल्के में नहीं ले रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, या फिर पाकिस्तान हो, किसी भी जगह नई दिल्ली विरोधी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गेबार्ड ने भारत में पाक समर्थित हमले को इस्लामी आतंक कहा है और इससे दुनिया को खतरा होने की बात कही है, उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप के इस्लामी आतंकवाद से लड़ने के वादे की बात भी दोहाई है, लेकिन व्यवहार में अमेरिका का आचरण खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर भारतीय रुख से मेल नहीं खाता है। भारत की चिंता को एड्रेस करने के लिए अमेरिका को बहुत कुछ करना होगा। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक साथ अमेरिका और चीन से संतुलित कूटनीति को आगे बढ़ाया है। आने वाले वक्त में इन दोनों महाशक्तियों के साथ भारत किस तरह संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा, इसकी रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। पीएम ने ट्रंप की तारीफ की और चीन के साथ सकारात्मक संबंध की वकालत की। भारत की इस संतुलित कूटनीति से अपने खिलाफ चल रहे आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों के खात्मे में मदद मिलेगी। विदेशी सरकारें अगर उनके यहां चल रहे भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर चुप रहेंगी या अनदेखी करेंगी तो भारत न चुप रहेगा न शांत बैठेगा।



## पोडकास्ट विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

> राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। अभी भी आप संघ के बारे में दुराग्रह, वैचारिक विरोध या घृणा के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ के मजदूर संघों ने नारा दिया, 'मजदूरों दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगति है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98 अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक प्रभाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर विस्तार से बातचीत की है।

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा, उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री की बात से सहमत होंगे कि संघ को समझना इतना आसान



नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा।

वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करें न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हावी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है। अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से 15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा लेकिन जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षों से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें किसी आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य ,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ सक्रिय नहीं है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



## डॉकिंग
योगेश कुमार गोयल

# स्पैडेक्स मिशन की सफलता ने खोले अंतरिक्ष के नए द्वार


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक कर ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसरो द्वारा अनडॉकिंग प्रक्रिया के दौरान एक सटीक क्रम का पालन किया गया, जिसमें एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 उपग्रहों का अलगाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पहले एसडीएक्स-02 का विस्तार किया गया, फिर कैप्चर लीवर-3 को योजनाबद्ध तरीके से रिलीज किया गया और अंततः एसडीएक्स-02 में कैप्चर लीवर का विघटन किया गया। इन तकनीकी चरणों के बाद दोनों उपग्रहों में डिकैप्चर कमांड जारी किया गया, जिससे वे स्वतंत्र रूप से अलग हो गए। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बहुत बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। अंतरिक्ष में उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है। स्पैडेक्स मिशन में 'अनडॉकिंग' का अर्थ था अंतरिक्ष में डॉक किए जाने के बाद दो उपग्रहों, एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को अलग करना ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें।

दो उपग्रहों की सफल अनडॉकिंग के साथ ही भारत के लिए चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। स्पैडेक्स उपग्रहों द्वारा अंतरिक्ष में अविश्वसनीय अनडॉकिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रक्रिया के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के कई महत्वाकांक्षी मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले भारत कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों (एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02) को सफलतापूर्वक 'डॉक' कराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। 30 दिसंबर 2024 को लांच किए गए 'स्पैडेक्स' मिशन का उद्देश्य भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक रेंडेजवस, डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीकों का प्रदर्शन करना था। जनवरी की शुरुआत में इस मिशन के तहत उपग्रहों को डॉकिंग से पहले 15 मीटर की दूरी से घटाकर तीन मीटर तक लाया गया था। उस सफलता के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति मजबूत हो गई थी और वह अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों की कतार में शामिल हो गया था।

16 जनवरी 2025 को इसरो ने 'स्पैडेक्स' मिशन की शानदार सफलता के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया था। उस मिशन के तहत इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग कराई थी, जिसके साथ ही भारत इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था। इससे पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही इस तकनीक को सफलतापूर्वक अंजाम दे पाए थे। स्पैडेक्स मिशन की सफल डॉकिंग के बाद अब अनडॉकिंग की सफलता ने न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के समक्ष साबित किया है बल्कि भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के बीच डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था, जो भविष्य के भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मिशन के तहत दो छोटे उपग्रहों एसडीएक्स-01 (चेजर) और एसडीएक्स-02 (टारगेट) को 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था और दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार कक्षा में स्थापित किया गया था। डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी को चेजर उपग्रह ने टारगेट उपग्रह की पहचान की, उसका संरेखण किया और सफलतापूर्वक उससे जुड़ गया। इस प्रक्रिया में उन्नत सेंसर, एल्गोरिदम और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया गया। डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों का एकीकृत नियंत्रण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो इस तकनीक में भारत की महारत का प्रमाण था। भारत के लिए इस मिशन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण इसीलिए है क्योंकि अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सटीकता की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जन्म से प्रारंभ व मृत्यु के साथ समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-कांतिलाल मांडोत*

## करंट अफेयर


# न्यूयार्क में भारतीय मूल की चार महिलाएं सम्मानित

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ एवं संस्थापक तथा 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में 'अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।'



## ऑफ बीट

# डिमेंशिया जिसका कोई इलाज अब तक नहीं



पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आया : 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है। कई व्यक्तियों की सोचने और जानकारी याद रखने की क्षमता में हल्के बदलाव का अनुभव करने से डिमेंशिया नहीं होगा।

## ट्रेंड

### गायत्री स्पिवक को बधाई



मैं प्रोफेसर गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक को मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक 'होलबर्ग प्राइज- 2025' के लिए चुने जाने पर बधाई देती हूं। मैं गांवों में गरीब-हितैषी स्वैच्छिक सेवाओं के साथ स्पिवक के जुड़ाव से प्रभावित हूं। **-ममता बनर्जी, सीएम**

### रेटिना स्कैन सही नहीं



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित एक व्यवस्था के तहत महिलाओं को रैटिना स्कैन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और ऐसे में उन्हें घूंघट हटाना पड़ेगा जो स्थानीय संस्कृति पर हमला है।
**- राजकुमार रोत, सांसद**

### पर्रिकर को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि पर्रिकर को उनकी प्रशासनिक कुशलता के लिए हमेशा याद किया जाएगा।
**-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### भारत का लक्ष्य महत्वाकांक्षी



भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए और अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है। भारत को अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अन्य देशों के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।
**-हेलेन क्लार्कसन, क्लाइमेट ग्रुप प्रमुख**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गो-माता के पानी पीने के लिए बांटे पात्र

**संतनगर।** गो सेवा रक्षा एवं जीव जंतुओं की सेवा में तत्पर श्री राधा कृष्णा गो सेवा संवर्धन सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी में पानी के पात्र निःशुल्क वितरण किया जा रहे हैं। जीतू कटारिया ने बताया कि सोसाइटी द्वारा सेवा भाव के उन लोगों को यह पात्र वितरण किया जा रहे हैं, जो अपनी जिम्मेदारी से इन्हें नियमित भरने के लिए संकल्पित हो। लोगों में सेवा का भाव जागृत करने एवं कोई भी जीव, गो माता गर्मी में पानी के लिए न तरसें, इस भाव से यह पात्र वितरण किया जा रहे है।



### नशा एक सामाजिक बुराई है : राधिका पाल

**मंडीदीप।** नशा एक सामाजिक बुराई है। इसमें फंसने से आर्थिक नुकसान होता है। परिवार और समाज में प्रतिष्ठा भी खत्म हो जाती है। इसे रोकना सभी की जिम्मेदारी है। इसकी शुरुआत परिवार, मोहल्ले और गांव से करनी होगी। यह बात जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित शराब निषेध जागरूकता कार्यक्रम में नगर विकास समिति की सचिव राधिका पाल ने कही। जन अभियान परिषद की योजनाओं और अभियानों की जानकारी दी, और शराब मुक्ति के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया।

### 9 बार मुनादी, परिषद ने नहीं हटाया अतिक्रमण

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में जब से सीएमओ सोनाली शर्मा का स्थानांतरण हुआ है, तब से नगर परिषद में कुछ लोग मायूस हैं। नगर मे चर्चा तेज है कि नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने के लिए नौ बार मुनादी कर चुके हैं, मगर अभी तक अतिक्रमण नहीं हटा। व्यापारियों ने अपने-अपने शेड तो हटा लिए हैं, लेकिन अन्य अतिक्रमण अभी नहीं हटाया गया है। इसीलिए तीन पार्षदों का कहना है कि नगर को सुंदर बनाने और विकास करने के लिए सभी का अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। अतिक्रमण के कारण आए दिन नगर में जाम लगता है।

### समाजसेवी वचन लोधी के जन्मदिन पर काटा केक



**औबेदुल्लागंज।** नगर में धूमधाम से समाजसेवी व भाजपा वरिष्ठ नेता वचन लोधी का जन्मद दिन केक काट कर मनाया गया। ढोल-बाजे एवं आतिशबाजी भी की गई। उनके जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, आरती यादव, पूजा लोधी, गुड्डू यादव, रवि शंकर राय, मुकेश कहार आदि ने बधाई दी है।

### समाजसेवी पंडित का निधन, दी श्रद्धांजलि



**मंडीदीप।** नगर में समाजसेवी रघुवीर दास वैष्णव पंडित के निधन हो जाने पर सोमवार को उनकी तेहरवीं के कार्यक्रम में स्थानीय लोग और भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने श्रद्धांजिल अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

---

शासन को पहुंचाई 8 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक हानि, ईओडब्ल्यू ने किया प्रकरण दर्ज

# फर्जी नोटशीट बनाकर नगर निगम अफसरों ने कचरा उठवाने में की लाखों की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम स्वास्थ विभाग के अधिकारियों द्वारा कचरा परिवहन में आर्थिक अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू ने दोषी अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पूरा मामला यह है कि नगर निगम जबलपुर के द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में कराए गए कचरा परिवहन में 14 लाख 70 हजार 228 रुपए का बिल प्रस्तुत किया गया था। वहीं नोटशीट पर 6 लाख 4 हजार 495 के भुगतान की अनुशंसा की गई थी। आरोपी अधिकारियों द्वारा एक



अलग से टाइपशुदा नोटशीट भी प्रस्तुत की गई, जिसमें 13 लाख 17 हजार 510 का भुगतान नेताजी सुभाष चंद्र बोस सफाई कामगार सहकारी समिति रानीताल जबलपुर को किया गया।

मामले की शिकायत होने के बाद पुलिस मुख्यालय से हैंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच करवाई गई, जिसमें साइन कूट रचित प्रमाणित हुए। ईओडब्ल्यू ने मामले की जांच में पाया कि स्वास्थ अधिकारी नगर निगम विनोद श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ अधिकारी अनिल जेन, नेताजी सुभाषचंद्र बोस सफाई कामगार सहकारी समिति के अध्यक्ष हेमंत करसा ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और 8 लाख 20 हजार 233 का अधिक भुगतान प्राप्त किया और शासन को आर्थिक हानि पहुंचाई। आरोपी अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### फर्जी हितग्राही को दिलवाया पीएम आवास योजना का लाभ

छिंदवाड़ा में एक फर्जी हितग्राही को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू ने नगर पालिका के सीएमओ सहित 10 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पूरा मामला यह है कि नगर परिषद जुन्नारदेव के अधिकारियों के खिलाफ पीएम आवास योजना के नाम पर अनियमितता की शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर इकाई को मिली थी। जांच में पाया गया कि नगर परिषद के अधिकारियों ने सुनीता पवार पत्नी घनश्याम पवार निवासी वार्ड 3 जुन्नारदेव का पक्का मकान होने के बावजूद उसे पीएम आवास हितग्राही करार दिया गया। ईओडब्ल्यू ने मामले की जांच के बाद सीएमओ नगर पालिका सत्येन्द्र सालवार, शुभलता आर्य, सुरेन्द्र उइके, डीपी खांडेलकर, उपयंत्री विनय कुमार शुक्ला,जीएस चंदेल, लेखापाल मुकेश शुक्ला, दामोदर सोनी, आरआई राधेश्याम, फील्ड इंजीनियर मृदुल गौतम पर भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की विवेचना जबलपुर ईओडब्ल्यू इकाई की निरीक्षक कीर्ति शुक्ला द्वारा की जा रही है।

# पुलिया से गिरी बाइक, एक युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव खैरखेरी मोड़ पर सोमवार सुबह पुलिया में बाइक गिरने से एक युवक की मौत हो गई, उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मिथुन भील पिता नारायण भील (25) गांव उमरिया, जिला विदिशा का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। मिथुन अपने साथी रामभरोसे और राकेश के साथ भोपाल से अपने गांव उमरिया जाने के लिए निकला था। तीनों दोस्त सोमवार सुबह नजीराबाद के खैरखेड़ी गांव पहुंचे थे। खैरखेड़ी मोड़ पर पहुंचते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई।

### डायल 100 पर मिली सूचना

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि सुबह करीब पौने आठ बजे राहगीरों ने डायल 100 पर सूचना दी थी। डायल 100 की टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मिथुन भील को मृत घोषित कर दिया। रामभरोसे और राकेश की हालत गंभीर होने के कारण उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

9 और 11 साल की बच्चियों से मोहल्ले में रहने वाला युवक कर रहा था छेड़छाड़

# क्राइम सीन देखकर रोने लगी बेटियां- मां ने पूछा तो बताया अंकल करते हैं गंदी हरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र में 9 और 11 साल की सगी बहनों से अश्लील हरकत किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मां को बच्चियों के साथ हुई अश्लील हरकत का पता उस समय लगा, जब वह टीवी पर एक सीरियल देख रहीं थीं और उसमें युवक बच्ची से गंदी हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर देता है। मां ने टीवी बंद की तो बच्चियों ने कुछ देर बाद रोना शुरू कर दिया। मां ने रोने का कारण पूछा तो पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला आरोपी एक साल से बच्चियों के साथ गंदी हरकत कर रहा था।

पुलिस के अनुसार क्रमशः 9 और 11 साल की बच्चियां निशातपुरा इलाके में रहती हैं। बड़ी बहन चौथी कक्षा में और छोटी बहन दूसरी कक्षा में पढ़ती है। परिवार में माता-पिता और दो बहनें हैं। होली के दिन मां और बेटियां टीवी देख रहीं थीं। टीवी पर सीरियल चल रहा था। सीरियल में एक युवक बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर देता है। मां ने टीवी बंद कर दी, ताकि बच्चियों पर बुरा असर न हो। कुछ देर बाद बच्चियों ने सीरियल को याद किया और कुछ समझने के बाद रोने लगीं।

### पैसों का लालच देकर ले जाता था घर

रोने का कारण पूछने पर बच्चियां ने मां से कहने लगीं कि कहीं सोनू अंकल हमें भी तो नहीं जान से मार देंगे। मां ने पूछा ऐसा क्यों बोल रही हो? तो इस पर



बच्चियों ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले सोनू अंकल पैसों का लालच देकर उन्हें अपने घर ले जाते हैं। वहां उनसे बारी-बारी से बेड टच करते हैं। बच्चियों ने बताया कि नाना की सितंबर में मौत हो गई थी, तभी आरोपी सोनू उन्हें घर ले गया था और वहां उनके साथ गंदी हरकत की थी। इसके बाद दो चार बार फिर घर बुलाकर हरकत की। अभी होली के दिन भी उसने घर बुलाया था, लेकिन डर के कारण वह आरोपी के घर नहीं पहुंची।

### थाने लेकर पहुंची मां

बच्चियों के साथ बेड टच की जानकारी लगते ही मां उसे थाने लेकर पहुंची और आरोपी सोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार है। उसकी उम्र करीब तीस साल बताई जा रही है।

### मंडी के व्यापारी ने युवती से की अश्लील हरकत, मामला दर्ज

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मंडी गेट के पास रविवार शाम बारदाना व्यापारी ने बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती इलाके में रहती हैं। वह अपनी मां के साथ मंडी में बारदाने का कारोबार करने वाले शफीक की दुकान पर काम करती है। रविवार शाम मां ने उसे शफीक के पास पैसे लेने के लिए भेजा था। वह मंडी पहुंची तभी गेट के पास उसे शफीक मिल गया। पीड़िता का कहना है कि शफीक उसे लेकर अस्सी फीट रोड पहुंचा था, वहां उसने चायनीज फूड खिलाया। इसके बाद सुनसान में ले जाने के बाद उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो उसने उसे छोड़ दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी घर जाकर मां को दी। मां उसे थाने लेकर पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### मुंबई से आए युवक ने होटल में किया युवती से दुष्कर्म, वीडियो बना कर किया ब्लैकमेल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र की एक होटल में 23 साल की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने होटल में दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया था और उसी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण व ब्लैकमेलिंग की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से हरदा निवासी 23 साल की युवती भोपाल में किराए से रहती है और प्राइवेट काम करती है। वर्ष 2022 में वह शादी में शामिल होने मुंबई गई थी। वहां उसकी मुलाकात सुभाष नंद मेहर नामक युवक से हुई। दोनों के बीच मोबाइल पर बात होने लगी। नवंबर 2022 को सुभाष नंद भोपाल और अशोका गार्डन क्षेत्र की एक होटल में रुका था। मिलने के बहाने उसने युवती को होटल में बुला लिया और मौका मिलते ही जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी। सुभाष मुंबई लौट गया था। वहां जाकर उसने युवती को बताया कि उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया है। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकरे ब्लैकमेल कर रहा था।

### छात्रा से दुष्कर्म, जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

बिलखिरिया पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 23 साल की युवती दलित है और युवती कॉलेज में पढ़ती है। करीब पांच साल पहले उसकी मुलाकात अवधपुरी में रहने वाले आर्यन राजपूत से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच अक्टूबर 2023 को आर्यन ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। इसके बाद से आरोपी झांसा देकर पीड़िता का दैहिक शोषण कर रहा था। रविवार को युवती ने आर्यन पर शादी का दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया।

# टीचर से लूट करने से पहले बागसेवनिया में भी महिला से झपटा था मोबाइल

**बाइक का नंबर मिलने के बाद पकड़ाए बदमाश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया में महिला से मोबाइल झपटने के बाद लुटेरों ने गोविंदपुरा के विजय मार्केट में निजी स्कूल की टीचर से पर्स झपटा था। शनिवार शाम डेढ़ घंटे के अंदर बदमाशों ने दो घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपियों की बाइक का नंबर मिलने से पुलिस ने दोनों लुटेरों को दबोच लिया। पुलिस ने मोबाइल और टीचर से लूटा पर्स समेत वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार 15 मार्च की शाम करीब 7 बजे बागसेवनिया के नारायण नगर में पहली वारदात हुई थी। उक्त वारदात 12 नंबर मल्टी हबीबगंज में रहने वाली सुनीता गौर (40) के साथ हुई थी। उसने पुलिस को बताया कि वह बंगलों में खाना बनाने का काम करती हैं। 15 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह काम करके पैदल घर लौट रही थीं। रास्ते में किसी का कॉल आने पर वह चलते-चलते बात करने लगीं। इस बीच बाइक क्रमांक एमपी 04 क्यूपी 3305 पर सवार बदमाश महिला का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करने पर पुलिस को आरोपियों का हुलिया और गाड़ी का नंबर मिला। नंबर के आधार पर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### महिला टीचर से छीना पर्स

गोविंदपुरा पुलिस ने बताया कि वल्लभ नगर अवधपुरी निवासी प्रभा सिंह (36) निजी स्कूल में टीचर हैं। शनिवार 15 मार्च की रात करीब साढ़े 8 बजे वह बेटे के साथ सब्जी खरीदने विजय मार्केट बरखेड़ा गई थीं। उसी दौरान बाइक से आए बदमाशों ने उनका पर्स छीन लिया। पर्स में मोबाइल व कुछ नगदी रखी थी। महिला टीचर के बेटे ने उनका पीछा किया, लेकिन बदमाश भागने में कामयाब हो गए, लेकिन उसने बाइक का नंबर देख लिया था। गाड़ी के नंबर एमपी 04 क्यूपी 3305 के आधार पर पुलिस ने लूट के एक आरोपी रोहित अहिरवार (27) निवासी बाग मुगलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी जितेन्द्र जाटव उर्फ छोटू (30) निवासी जाटखेड़ी मिसरोद के साथ वारदात को अंजाम देना कुबूल किया। रोहित की निशानदेही पर गोविंदपुरा पुलिस ने जितेन्द्र जाटव को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से लूट का मशरूका व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। बाइक आरोपी जितेन्द्र की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है।

---



### कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लेने उनके निवास पर पहुंचे रवि कमल

**औबेदुल्लागंज।** सुप्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से उनके निज निवास पर पहुंच कर औबेदुल्लागंज के मेडिकल एसोसिएशन सदस्य एवं व्यापार संघ के वरिष्ठ सदस्य रवि कमल ने भेंट किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### धूमधाम से निकलेगा रंग पंचमी का चल समारोह

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में बुधवार को रंग पंचमी का चल समारोह धूमधाम से निकाला जाएगा, जिसकी जानकारी देते हुए नगर की सबसे बड़ी संस्था श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष भी धूमधाम से रंगपंचमी मनाई जाएगी। रंग पंचमी महापर्व शांति सद्भाव कायम रखते हुए भाई चारे के साथ मनाया जाएगा। नगर पालिका के टैंकरों में रंग भरकर होरियारों के साथ डीजे की थाप पर नगर के गणमान्य नागरिक युवा साथियों के साथ नाच गाने गाते हुए जो नगर के बाल विहार मंडी से रंग पंचमी का जुलूस शुरू होगा। जो मुख्य मार्ग पटेल नगर, नगर पालिका, मंगलवार बाजार, गणेश चौक, दुर्गा चौक होते हुए, स्टेशन रोड से होकर बाबा रामदेव मंदिर खिड़िया मोहल्ला पर समापन होगा।

### वार्ड 14 में हर तरफ फैली गंदगी लोग परेशान, धरने की चेतावनी

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 14 के रहवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि वार्ड में साफ-सफाई करवाई जाए। हर तरफ फैली गंदगी और कचरे के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। रहवासियों ने कहा कि यदि सफाई नहीं हुई तो नगर परिषद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।



वार्ड 14 के छोटेलाल नरवरिया, अशोक जायसवाल, सोनू पंजाबी, लालबाबू जायसवाल, प्रदीप चौरसिया, रवि कमल, दिनेश सेन, नरेश जैन, अनिल पंजाबी, स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, मुकेश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, सुरेश ताम्रकार, सुरेश मालवीय, कृष्ण नरवरिया, आकाश जैन, दीनदयाल साहू, दिन्नू भागचंद प्रजापति आदि ने कहा कि शीघ्र ही सफाई अभियान चलाया जाए। वार्ड पार्षद दीपू परमार ने कहा कि मैने वार्ड में सफाई के लिए नगर परिषद सीएमओ को पत्र लिखा है।



### नांदेड़ हजूर साहिब की यात्रा कर लौटे सिख संगत का स्वागत कर दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** सदियों पुरानी परंपरा सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज द्वारा चलाई गई होला मोहल्ला जो की होली के अगले दिन मनाया जाता है, नांदेड़ सचखंड हजूर साहिब महाराष्ट्र में देश-विदेश से सिख संगत आकर गुलाल खेलते हैं और एक दूसरे को बधाई देते हैं।

हरजीत सिंह मंगू ने बताया कि यहां कीर्तन और लंगर 24 घंटे चलता रहता है और शस्त्र चलाने का अभ्यास कराया जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए औबेदुल्लागंज उमरिया की संगत हर साल नांदेड हजूर साहिब जाते हैं। सुखमय संपूर्ण यात्रा कर सिख संगत वापस घर लौटने पर सभी को सफल यात्रा की बधाई दी। इस दौरान महिलाएं पवित्र कौर, चरणजीत कौर, मनविंदर कौर, जसविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुलशन सिंह, अर्जुन सिंह, जसपाल सिंह आदि यात्रा में शामिल थे।

### बुजुर्ग महिला ने कपड़े इकट्ठा कर लगाई आग, मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में मानसिक विक्षिप्त बुजुर्ग महिला ने रविवार सुबह कपड़े इकट्ठे कर आग लगाई और आग की चपेट में आ गई। करीब 90 फीसदी जलने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, वहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निवासी अफसर जहां पत्नी शाकिर (60) अपने पति व तीन बेटों के साथ रहती थीं। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। अफसर जहां का करीब 20 वर्षों से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है।

---

**प्रभारी कलेक्टर ने टाइम लिमिट की बैठक में दी हिदायत**

जिले में गेहूं खरीदी केंद्रों पर 15 मार्च से शुरू हो गई समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी

# गेहूं खरीदी केंद्रों पर खुले में नहीं रखें फसल, दुरुस्त रखें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में गेहूं खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 मार्च से शुरू हो गई है। वहीं तेज धूप और गर्मी पड़ने लगी है, ऐसे में इन केंद्रों पर पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। केंद्रों पर खरीदे गए गेहूं को खुले में नहीं छोड़ा जाए। सभी एसडीएम केंद्रों का निरीक्षण करें, तहसीलों और सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का निराकरण करें। यह निर्देश अपर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए हैं।

जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए लगभग 80 केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 15 मार्च से खरीदी की शुरूआत हो गई है। अब तक समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 26 हजार किसानों ने पंजीयन तक



करवा लिया है। इसकी जानकारी सोमवार को अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर से ली और समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्रों पर पीने के लिए पानी, छाया के लिए टेंट और शौचालय सहित आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की जाएं। केन्द्रों पर लंबी-लंबी लाइन न बनें, ऐसी व्यवस्था बनाएं कि समय पर गेहूं की तुलाई हो। किसी भी स्थान पर ला इन आर्डर की स्थिति पैदा न हो इसके लिए एसडीएम भी निरीक्षण करते रहें।

### जिले को प्रदेश के प्रथम 10 जिलों में दिलवाएं स्थान

एडीएम ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को उच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी लंबित शिकायतों की स्वयं निगरानी कर शिकायतों का निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत बिना किसी कारण के फोर्स क्लोज न की जाए और पुअर डिस्पोजल शिकायतों को फिर से निराकृत किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में भोपाल को प्रदेश के 10 जिलों में स्थान दिलवाने का प्रयास करें।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही करने वालों को नोटिस देने के निर्देश

**कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन, विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार और अधिकारीवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में गंभीरता दिखाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर कहा कि निर्देशों के उपरांत भी प्रगति नहीं आई है, यह स्वीकार्य योग्य नहीं है।

कलेक्टर ने औबेदुल्लागंज बीएमओ डॉ. अमृता जीवने को नोटिस जारी करने के निर्देश सिविल सर्जन को देते हुए कहा कि जिन बीएमओ की प्रगति ठीक नहीं है उन्हें नोटिस जारी किए जाएं। कलेक्टर ने महिला बाल



विकास विभाग की समीक्षा के दौरान शिकायतों का निराकरण संतोषप्रद नहीं होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा काम में लापरवाही बरतने वाले सीडीपीओ और सुपरवाइजर्स पर कार्रवाई नहीं करने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने बैठक से अनुपस्थित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक संगीता जायसवाल को पुनः नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्र प्रेम, साहस और गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाने वाली फिल्मों को देंगे प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म छावा देखी। लक्ष्मण उतेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने पहले ही टैक्स फ्री कर दिया था। हालांकि मुख्यमंत्री ने अब जाकर यह ओपन थियेटर में यह फिल्म देखी। अशोका लेक व्यू परिसर में ओपन थियेटर में हुए फिल्म के विशेष प्रदर्शन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री परिषद के सदस्यों और अनेक जन प्रतिनिधियों ने देखा और फिल्म की सराहना की।



## ओपन थियेटर में हुआ फिल्म छावा का विशेष शो

### यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म है। मप्र सरकार ऐसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत करवाने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करेगी। राज्य सरकार भारत के वीर शासकों और देशभक्तों के संघर्ष की गाथा को प्रस्तुत करने वाले सिनेमा को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग करेगी।

### सीएम ने पढ़ी वीरता पर आधारित एक रचना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जितने साहसी और वीर थे, वैसे ही उनके सुपुत्र छत्रपति संभाजी महाराज भी थे, जिन्होंने राष्ट्र प्रेम का उदाहरण दिया। वे ऐसे शासक थे, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा 17 वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन अर्थात 300 वर्ष से अधिक पुराने दौर के शासक के संघर्ष को सिनेमा के परदे पर जीवंत किया गया है। फिल्म के निर्माता निर्देशक और कलाकार इसके लिए बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व में भी काफी उथल पुथल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत अपनी विरासत और संस्कृति के संरक्षण के साथ विकास की ओर बढ़ रहा है। निश्चित ही ऐसी फिल्म जनप्रतिनिधियों के साथ देखना मेरे लिए एक सुखद संयोग है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित एक काव्य रचना भी पढ़कर सुनाई।

### शहीद भवन में नाटक 'हम क्यों नहीं गाते?' का मंचन एवं कथक प्रस्तुति

# वर्तमान शिक्षा पद्धति की विसंगतियों पर तीखा प्रहार करता है नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इतने गंदे बच्चे, कंगले-भिखमंगे के बच्चे हैं। मैडम यह तो साबुन सिर्फ विज्ञापनों पर देखते हैं, और कभी स्कूल भी नहीं गए, सिर्फ चाय पहुंचाने ही स्कूल गए थे... निर्धन अशिक्षित बच्चों की ऐसी ही दास्तां कहते नाटक 'हम क्यों नहीं गाते?' का मंचन सोमवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया। कोपल सांस्कृतिक एवं सेवा समिति द्वारा आयोजित इस नाट्य प्रस्तुति से पहले पूर्व रंग में कथक प्रस्तुति खास रही। नाटक में लेखन प्रेम साइमन का रहा और निर्देशन धन्नूलाल सिन्हा का।



**गणेश वंदना और तराना से सजा पूर्व रंग**

नाटक से पहले पूर्व रंग में पारुल सिंह एवं शीतल घुगे की कथक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें नृत्यांगनाओं ने गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया इसके बाद उन्होंने तराना में शुद्ध कथक की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### भगवान स्वयं भी आ जाएं तो भी व्यवस्था नहीं बदलेगी



नाटक में विद्यालयीन शिक्षा में व्याप्त विसंगतियों को व्यंग्य के शिल्प में पूरी तीक्ष्णता के साथ बयां किया। इसमें बताया गया है कि व्यवस्थाओं की स्थिति ऐसी है कि यदि भगवान स्वयं भी आ जाएं तो वह भी इस व्यवस्था को ठीक नहीं कर सकते, उन्हें भी विवश होकर पलायन करना ही पड़ेगा। नाटक होटल पर काम करने वाले दो बालकों ईश्वर और बाला की कहानी है। ईश्वर और बाला स्कूल जाना चाहते हैं, पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उनकी आर्थिक परिस्थितियों के कारण और वर्तमान प्रशासन व्यवस्था उनकी दयनीय स्थिति का उपहास उड़ाती प्रतीत होती है।

### होरी हो ब्रजराज का मानव संग्रहालय में आयोजन आज

**भोपाल।** होली के पारम्परिक गीत-संगीत और नृत्य के वासंती रंग 18 मार्च को मंगलवार की शाम 6.30 बजे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के मुक्ताकाश में बिखरेंगे। टैगोर लोक कला एवं संस्कृति केन्द्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा होरी हो ब्रजराज का रंगारंग आयोजन मानव संग्रहालय में किया जा रहा है। लोक रंगों में छलकती फागुनी छवियों की यह दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना क्षमा मालवीय के निर्देशन में मंचित होगी। इस प्रदर्शन में शहर के 50 से भी ज्यादा कलाकार हिस्सा लेंगे। इस रूपक की मूल संकल्पना कवि-कथाकार संतोष चौबे ने की है। वाचिक स्वर कला समीक्षक विनय उपाध्याय का है। संगीत संयोजन संगीतकार संतोष कौशिक ने किया है। होली की दृश्य-छवियों पर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी बिम्ब-प्रतिबिम्ब भी आकर्षण का केन्द्र होगी।

### भारत भवन में 20 मार्च को पहली बार होगी सिल्वर फ्लूट और बांसुरी की जुगलबंदी

**भोपाल।** कलाओं के घर भारत भवन में 20 मार्च को संगीत की विशेष सभा का आयोजन किया जा रहा है। संगीत प्रेमियों को पहली बार अंतरंग सभागार में सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी की प्रस्तुति देखने का अवसर मिलेगा। भारत भवन और आलियांस फ्रांसिस द भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह संगीत सभा 'इंडो-फ्रेंच क्लासिकल कंसर्ट' के अंतर्गत हो रही है। इसमें फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट और भारतीय कलाकार ऋषभ प्रसन्ना की सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी होगी।

### सर्वमंगला ग्रुप का होली सेलिब्रेशन



# होरिया में उड़े रे गुरार... गीत पर महिलाओं ने लगाए जमकर ठुमके

बावड़िया कलां स्थित एक निजी रेस्त्रां में हुआ आयोजन

शामिल महिलाओं ने लगाया एक दूसरे को गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंग बरसे भीगे चुनर वाली...., लेट्स प्ले होली....,होरिया में उड़े रे गुरार.... होली के इन गीतों पर नाचती गाती महिलाओं का जमावड़ा देखने को मिला सोमवार को बावड़िया कलां स्थित एक निजी रेस्त्रां में। शाटिका ग्रंथ और सर्वमंगला ग्रुप के द्वारा आयोजित इस होरी उत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और एक दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सफेद साड़ी विथ रेड बॉर्डर पहना और जमकर होली खेली। इस उत्सव में जहां एक ओर फूलों और रंगों की होली का आयोजन था तो वहीं दूसरी ओर म्यूजिकल कंसर्ट में अपनी सुरीली आवाज की तान भी महिलाओं ने छेड़ी और एक दूसरे की जमकर तारीफ की।

# सिर्फ़ एक दिन का जश्न या एक ज़रूरी याद दिलाना?




## वूमंस डे को लेकर टॉक शो में महिलाओं ने रखी बेबाक राय

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर की जानी-मानी ब्रांड मैनेजर, क्रिएटिव हेड, और डायरेक्टर सिमरन खुराना ने एक खास टॉक शो की मेज़बानी की। इस शो में विभिन्न क्षेत्रों से आईं महिलाओं ने अपनी ज़िंदगी के अनुभव, संघर्ष, और सफलता की कहानियां साझा कीं।

शहर की कई प्रभावशाली महिलाएं इस चर्चा का हिस्सा बनीं, जिनमें एनजीओ संस्थापक नेहा तिवारी, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट, डॉ. प्रवीणा अग्रवाल, न्यूमेरोलॉजिस्ट रूही राय, रेस्टोरेंट ऑनर प्राची, मेकअप आर्टिस्ट खुशबू तिवारी, थिएटर आर्टिस्ट दीप्ति जयप्रकाश, स्कूल टीचर तनुश्री, और गृहिणी कविता मेहता ने अपने विचार रखे।

### काव्य मनीषियों ने दी काव्य पाठ की प्रस्तुति...

# तुलसी साहित्य अकादमी 'होली' पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन




### जाने-माने साहित्यकार रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में होली विषय पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन किया गया, जिसमें काव्य मनीषियों ने अपने-अपने काव्य पाठ प्रस्तुति किया।

डॉ. संध्या शुक्ल ने सुनाया-मौसम हुआ है फगुनी, फागो पर छाया शबाब, वहीं रामलाल द्विवेदी ने चित्रकूट से दुनिया, होली में डार दव रंग, कान्हा ने भर पिचकारी सुनाई। ऊषा सक्सेना ने जाति पात का भेद भूल कर सबके संग सद्भाव दिखाती, सबको लाल गुलाल लगाती प्रेम रंग सबको रंगती होली सुनाई।

# अखिल भारतीय कला मंदिर का 'रस-रंग' का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सनातन परंपरा में रंगों का बहुत महत्व है, होली का त्योहार हर खास और आम में समरसता और भेदभाव रहित उल्लास का त्योहार है।

यह विचार मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी ने अखिल भारतीय कला मंदिर संस्था के होली उत्सव 'रस-रंग' में कहे। विशिष्ट अतिथि विष्णु राजोरिया ने शास्त्रोक्त पौराणिक आख्यान सहित रंगों के इस पर्व और फागुन मास के महत्व को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौरीशंकर शर्मा ने मंदिर में होली खेलें रसिया कलामन्दिर में रसिया गीत गाकर रसरंग बरसाया।

### रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'पार्क' का मंचन

# एक बेंच पर बैठने के झगड़े की बात बन जाती है अंतरराष्ट्रीय समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में दो दिवसीय नाट्य समारोह में पहले दिन पीपल्स थिएटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा नाटक 'पार्क' का मंचन किया गया। मानव कौल द्वारा लिखित नाटक में निर्देशन प्रदीप वर्मा का रहा। पांच पात्रीय इस नाटक की कहानी मुख्यतः तीन पात्रों के इर्द गिर्द घूमती है। नाटक में दिखाया कि पार्क की एक बेंच पर बैठने के झगड़े की बात, बड़ी आसानी से अंतरराष्ट्रीय समस्या, मुद्दों और वर्तमान में चल रहे विवादों पर पहुंच जाती है।





### कश्मीर के जिक्र के साथ इजराइल-फिलिस्तीन वार पर पहुंची चर्चा

नाटक में दिखाया कि मदन, उदय और नवाज पार्क में रखी बेंच पर अपनी-अपनी जगह पर बैठने को लेकर तमाम प्रयास करते हैं। नाटक का एक डायलॉग बहुत ही मार्मिक है, जब नाटक का पात्र उदय कहता है कि अपनी जगह से हटाया जाना किसी को पसंद नहीं है। भले ही उन्हें दूसरी जगह दे दी जाए, लेकिन वे उस जगह को कभी उतने मन से स्वीकार नहीं कर पाते और अपनी पुरानी जगह को लेकर उनके मन में टीस हमेशा बनी रहती है। इसके उदाहरण के तौर पर आदिवासियों, कश्मीर के जिक्र के साथ इजराइल और फिलिस्तीन तक बात पहुंच जाती है। सदियों से चली आ रही सत्ता की लड़ाई वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है। वर्तमान समय में भी कई मासूम लोग सत्ता धारियों के षड्यंत्र का शिकार बन जाते है और कई मासूम जिंदगियां बिखर कर रह जाती है।



# नेमावर ट्रैकिंग में किए प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्रीन एडवेंचर यूथ एसोसिएशन द्वारा नेचर लवर्स के लिए भोपाल से लगभग 145 किमी दूर देवास जिले में स्थित नेमावर ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। ट्रैक के साथ साथ भगवान शिव का प्राचीन और अलंकृत प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के दर्शन कराए। यह मंदिर परमार वंश का सबसे ऊंचा मंदिर है। जो दिगम्बर जैन मंदिर जैनियों का एक प्रमुख तीर्थ स्थल भी है। साथ ही नर्मदा नदी घाट पर ट्रैकर्स ने तिलक होली भी खेली और एक दूसरे को तिलक लगाकर गले मिले। इस ट्रैक में 10 वर्ष से लेकर 65 वर्ष के 26 युवाओं ने भाग लिया।



# भाषा की नफरती सियासत में चंद्रबाबू की एंट्री, बोले- हिंदी का अपना महत्व, जरूर सीखें

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है और अंग्रेजी विदेशों में बोली जाने वाली भाषा है। दोनों का अपना महत्व है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच इस समय परिसीमन और भाषा को लेकर विवाद देखने को मिला है। इस विवाद में अब आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की भी एंट्री हो गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दक्षिण के कई राज्यों ने हिंदी के प्रति विरोध दिखाया है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने केंद्र पर भाषा थोपने का आरोप लगाया था।बता दें कि एक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। सीएम ने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। इसके साथ उन्होंने कहा कि भारतीय अब विभिन्न देशों में जा रहे हैं। इस बात पर उन्होंने जोर दिया कि आजीविका के लिए हम कोई भी भाषा सीख सकते हैं।

**तमिलनाडु में भाषा को लेकर हो रही राजनीति**



## हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंडः पवन



इससे पहले आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तमिलनाडु के नेताओं की आलोचना की और कहा कि राज्य में कथित तौर पर हिंदी थोपने का आरोप लगाना पाखंड है।उन्होंने कहा कि ये नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन वित्तीय लाभ कमाने के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करवाते हैं। इस बयान के बाद उन्होंने इस बात को भी साफ कर दिया कि उन्होंने कभी हिंदी को विरोध नहीं किया है।

## सीतारमण ने भी रुपए का तमिल सिंबल इस्तेमाल किया:स्टालिन

स्टालिन ने कहा-तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं



**चैन्नई।** तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच भाषा विवाद को लेकर बयानबाजी जारी है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने स्टेट बजट में रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का इस्तेमाल किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्र की संप्रभुता-अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ लेते हैं। क्षेत्रीय गौरव के लिए राष्ट्रीय प्रतीक को बांटना ठीक नहीं है। इस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का उपयोग किया था। ये कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है। उन्होंने अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा- तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। यह उनकी सरकार की तमिल भाषा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दरअसल तमिलनाडु सरकार राज्य के स्कूलों में हिन्दी अनिवार्य करने का विरोध कर रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य तमिल, अंग्रेजी और हिन्दी भी पढ़ाएं।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने देबेंद्र प्रधान को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेन्द्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता थे, जिनका 84 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देबेन्द्र प्रधान एक लोकप्रिय जननेता और कुशल सांसद थे। ओडिशा में भाजपा को दिया योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने भी उन्हें पुष्पाजंलि दी।



### छत्रपति शिवाजी के मंदिर का उद्घाटन किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को ठाणे जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक मंदिर का उद्घाटन किया और स्वराज्य तथा देश के लिए लड़ने वाले मराठा राजा की सराहना की। मराठा राजा की जयंती सोमवार को पूरे राज्य में तिथि के अनुसार मनाई गई। राज्य सरकार का आधिकारिक 'शिव जयंती' समारोह हर साल 19 फरवरी को मनाया जाता है। फडणवीस ने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम के दर्शन हनुमान के बिना अधूरे हैं, उसी प्रकार छत्रपति महाराज को सम्मान दिए बिना कोई भी तीर्थयात्रा पूरी नहीं होती।



### अमृतपाल के सहयोगियों को पंजाब लाएगी पुलिस

**डिब्रूगढ़ (असम)।** पंजाब पुलिस की 25 सदस्यीय टीम पिछले दो दिनों से असम के डिब्रूगढ़ में तैनात है, ताकि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के सात सहयोगियों को यहां से स्थानांतरित किया जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्दलीय सांसद अमृतपाल के ये सहयोगी उसके साथ लगभग दो वर्षों से डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में बंद हैं।अधिकारियों ने बताया कि स्थानांतरण की तारीख अभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह अगले दो से तीन दिनों में हो सकती है।



### मंदिर पर ग्रेनेड से हमला करने वाला हुआ ढेर

**अमृतसर।** मंदिर पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को सोमवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदिग्ध की पहचान गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपी गुरसिदक और विशाल की राजासांसी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी गुरसिदक को गोली लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## रेल मंत्री ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों का जवाब देते हुए कहा

# भारत मे रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम, विकसित देशों में तो '10 गुना' किराया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेल से एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत है 1.38 रुपए। हम किराया लेते हैं 73 पैसे यानि करीब 47% का डिस्काउंट। ये सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपए बैठता है। भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है।

विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा। चीन, अमेरिका और भारत, ये तीन देश इस बार टॉप 10 में शामिल होंगे। बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की जाए।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए एक-एक सवाल के जवाब**



### सत्र के पिछले तीन दिन हंगामेदार रहे

बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) डीएमके सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने इसे देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। इसके बाद सदन में शोर होने लगा।

### इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होताः गायकवाड़



सांसद वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं। इधर, दोनों पार्टियों के सांसद डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

### लोकसभा में उठा रेल टिकट का मुद्दा

टीएमसी की सांसद ने रेल टिकट का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार टिकट रद्द होने से करोड़ों रुपए की कमाई कर रही है, लेकिन यात्री ट्रेनों में सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन की तुलना बिरयानी से की और कहा कि देश में जिन लोगों को दाल भात खाने को नहीं मिल रहा है, उनके लिए वंदे भारत बिरयानी जैसी है, जिसे खाना गरीब लोगों के बस की बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश के अमीरों के लिए वंदे भारत ट्रेनों के संचालन पर ध्यान दे रही है, लेकिन गरीबों के लिए यात्री ट्रेनों में आधारभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

## विजेता को मिलेंगे पांच लाख रुपए

# दूरसंचार विभाग ने लॉन्च किया 5जी हैकाथॉन




15 अप्रैल तक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे, 1 अक्टूबर को परिणाम आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 5जी इनोवेशन हैकाथॉन 2025 की घोषणा की है। यह छह महीने तक चलेगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों के समाधान के लिए अभिनव 5जी-संचालित समाधानों के विकास में तेजी लाना है। यह छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए खुली है। इसमें विजेता को 5 लाख रुपए तक का प्रथम पुरस्कार मिलेगा। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि ये हैकथॉन एआई-संचालित नेटवर्क के रखरखाव, आईओटी-सक्षम समाधान, 5जी प्रसारण, कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य, औद्योगिक स्वचालन, गैर-स्थलीय नेटवर्क, डी2एम, वी2एक्स और क्वांटम संचार जैसे प्रमुख 5जी अनुप्रयोगों पर केंद्रित प्रस्ताव को आमंत्रित करता है। छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम मेंटरशिप, फंडिंग और 100 से अधिक 5जी यूज केस लैब्स तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे प्रतिभागियों को दूरदर्शी विचारों को तकनीक में बदलने में मदद मिलती है। मंत्रालय के मुताबिक इसके लिए 15 मार्च से लेकर 15 अप्रैल 2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे, 01 अक्टूबर 2025 को अंतिम विजेताओं की घोषणा की जाएगी और हर दो सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट और एक केंद्रीकृत ट्रैकिंग डैशबोर्ड के माध्यम से कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। इसके तहत प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए नेटवर्क स्लाइसिंग, सेवा की गुणवत्ता और कॉल-फ्लो परिदृश्यों जैसी 5जी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### विजेताओं को मिलेंगे ये पुरस्कार

संचार मंत्रालय के मुताबिक विजेताओं को प्रथम स्थान के लिए पांच लाख रुपये, उप-विजेता के लिए 3 लाख रुपए और दूसरे स्थान के लिए 1,50,000 रुपए के पुरस्कार मिलेंगे। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ विचार और सबसे नवीन प्रोटोटाइप को 50-50 हजार रुपए के पुरस्कार भी मिलेंगे। इसके अलावा 10 प्रयोगशालाओं को सर्वश्रेष्ठ 5जी यूज केस लैब्स के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र और सर्वश्रेष्ठ विचार के लिए एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का बजट 1.5 करोड़ रुपए है।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

# वक्फ विवाद पर सीएए जैसी राष्ट्रव्यापी विरोध की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के मामले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के देश भर से आए प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में शामिल मुसलमानों ने इसे उनकी धार्मिक आजादी में सरकार का हस्तक्षेप बताया। मुसलमान नेताओं ने केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो वे पूरे देश में सीएए-एनआरसी जैसा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तो क्या एक बार फिर पूरे देश में शाहीन बाग जैसे धरने-प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं? प्रदर्शनकारियों ने इसी तरह के तेवर दिखाए हैं। भाजपा ने कहा है कि यह संसद की कानून बनाने की संवैधानिक शक्ति को संख्या बल के आधार पर दी जा रही चुनौती है।




## सुप्रीम कोर्ट बोला-हाईकोर्ट जाएं

# सीबीआई पर सवाल, रेप मर्डर केस की सही जांच नहीं की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़ित के पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआई ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गई। पीड़ित के पिता ने कहा, हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं। और सबूतों से छेड़छाड़ में कई लोग शामिल हैं।



## धार्मिक स्थल पर चप्पल पहने सिगरेट पी रहे थे

# वडोदरा में चार विदेशी छात्रों पर जानलेवा हमला

**10** के खिलाफ मामला दर्ज 7 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी के चार विदेशी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। लिमडा गांव में झील के पास घूमने छात्र धार्मिक स्थल पर चप्पल पहनकर बैठे सिगरेट पी रहे थे। तभी ग्रामीणों से उनकी झड़प हो गई। फिर डंडे, लाठी-डंडे लेकर लोग आ गए और पिटाई कर दी। जिसमें एक छात्र के गंभीर चोटें आई हैं। चारों का इलाज चल रहा है। मामल तीन दिन पुराना है शनिवार को पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था। लेकिन, रविवार को वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों की पहचान हो सकी। वाघोडिया पुलिस ने इस मामले में 10 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर 2 नाबालिगों समेत 7 को गिरफ्तार कर लिया है। वडोदरा के वाघोडिया के लिमडा गांव में स्थित पारुल विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले चार छात्रों में से एक थाईलैंड का मूल निवासी सुफाय कंगवान रट्टन बीसीए सेकेंड ईयर, दक्षिण सूडान के निवासी ओडवा एंड्रयू अब्बास आंद्रे वाटारी पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के फर्स्ट ईयर, मोजाम्बिक आदि के मूल निवासी हैं।



## बजट-2025-26

### सीएम नायब सैनी ने पेश किए कई बड़े प्रस्ताव

# हरियाणा में स्टार्टअप्स के लिए 2000 करोड़ का फंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों के लिए बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पहले बजट में छह बड़े प्रस्ताव पेश किए हैं। जिसमें युवाओं के लिए नए रोजगार, स्टार्टअप्स से लेकर एआई मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला को एआई हब बनाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वर्ष 2025-26 में 2 लाख 5 हजार करोड़ का बजट का प्रस्ताव रखा है। यह बीते वर्ष की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक बजट है। सीएम नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया। इस दिशा में हरियाणा एआई मिशन की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमे विश्वबैंक ने 474 करोड़ रुपए का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा बजट के दौरान बताया गया कि हरियाणा ओवरसीज इंप्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाया जाएगा।



### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई घोषणाएं

# 25,000 को मिलेगा रोजगार कर्मचारियों-पेंशनरों को तोहफा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। बतौर वित्त मंत्री सीएम सुक्खू ने 58,514 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया।




मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न श्रेणियों के पदों को भरने सहित 25,000 को रोजगार देने का एलान किया। महाविद्यालयों-विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कुल 1000 पद भरे जाएंगे। आयुष चिकित्सा अधिकारियों के 200, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों तीन, सोवा रिग्पा अधिकारियों तीन, यूनानी चिकित्सा अधिकारी दो, आयुर्वेदिक फार्मेसी के 52, लैब तकनीशियन 32, स्टाफ नर्स 33, एएनएम 82, जेओए(आईटी) के 42 पदों को भरा जाएगा। पुलिस विभाग में पुलिस कांस्टेबलों के 1 हजार रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया वित्त वर्ष 2025-2026 में शुरू कर दी जाएगी। पुलिस कांस्टेबल की पदोन्नति से संबंधित परीक्षा लगभग 500 पदों के लिए करवाई जाएगी।

## प्रोफेसर पर यौन शोषण का आरोप

# पांच दर्जन से अधिक अश्लील वीडियो मिले, पोर्न साइट पर अपलोड किए

**छात्रा की शिकायत से खुलासा**



एजेंसी ▶▶ हाथरस

उप्र के हाथरस में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर 30 से ज्यादा छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से पांच दर्जन अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा के महिला आयोग को लिखे गए लेटर से मामले का खुलासा हुआ।पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं। डीएम ने मामले की जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश 54 साल का है। वह भूगोल पढ़ाता है। दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे।

**राजनाथ सिंह से तुलसी गबार्ड ने की मुलाकात**

# यूएस की धरती से भारत के खिलाफ आग उगलने वाले खालिस्तानियों की कसी जाए नकेल, एसएफजे का पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ गठजोड़

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के बीच सोमवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें सामरिक सुरक्षा, अत्याधुनिक रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गेबार्ड के समक्ष अमेरिका की जमीन पर लगातार फलते-फूलते अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता जताई और एसएफजे को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित करने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने गेबार्ड से अलगाववादियों इन तमाम गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। राजनाथ ने गबताया कि एसएफजे का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसआई) और बब्बर खालसा आतंकी संगठन के साथ नापाक गठजोड़ है।

**सामरिक सुरक्षा, रक्षा नवाचार और प्रौद्योगिकियों में सहयोग करेंगे**

**सैन्य अभ्यास, रणनीतिक सहभागिता रक्षा औद्योगिक आपूर्ति की समीक्षा की**

### मजबूत होगी भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि तुलसी गेबार्ड से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमने रक्षा तथा सूचना साझाकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। जिसका उद्देश्य भारत और अमेरिका की साझेदारी को और अधिक मजबूती के साथ गहराई प्रदान करना है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में बताया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि सामरिक सुरक्षा दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक सामरिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। भारत-अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यास, रणनीतिक सहभागिता, श्रृंखलाओं के एकीकरण व एकीकरण, सूचना साझाकरण सहयोग तथा विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की दोनों ने समीक्षा की।

### इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे

गेबार्ड ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद के खतरे का समूल नाश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जो न केवल अमेरिका और भारत के लोगों के लिए बल्कि बांग्लादेश, सीरिया, इजराइल और मध्य पूर्व के कई देशों के लिए एक खतरा बना हुआ है। उन्होंने पीएम मोदी के विचारों का जिक्र करते हुए कहा कि वे आतंकवाद के खतरे को बड़ी ही गंभीरता के साथ लेते हैं। भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं ने इस खतरे का एकजुटता के साथ मुकाबला करने पर जोर दिया है।

### पीएम ने महाकुंभ का जल भेंट किया

पीएम मोदी ने सोमवार को तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से लाया गए पवित्र जल (जल) से भरा एक कलश भेंट किया। पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भारतीयों ने आस्था की डुबकी लगाई। वहीं, तुलसी गबार्ड ने पीएम मोदी को रूद्राक्ष की एक माला भेंट की। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को भारत-अमेरिका मैत्री का प्रबल समर्थक बताया।

### सहयोग के अवसरों पर मंथन

*मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह और तुलसी गेबार्ड ने अपनी वार्ता में अत्याधुनिक रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। जो पारस्परिक रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही दोनों के बीच अंतर सहभागिता को बढ़ाने, लचीलेपन और नवाचार को विस्तार देने के उद्देश्य से रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के अधिक एकीकरण को प्रमुखता देने जैसे जरूरी विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री ने भारत की संस्कृति और विरासत को लेकर गेबार्ड की निरंतर भावना और प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसी भावनाएं भारत-अमेरिका के बीच मित्रता के बंधन को और भी सशक्त बनाती हैं।*

## खबर संक्षेप

### गृह मंत्रालय ने प्रतिबंधित संगठनों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की नवीनतम सूची जारी की है।




गृह मंत्रालय ने अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत इन संगठनों को आतंकवादी या गैरकानूनी घोषित किया है। इस सूची में 45 संगठनों को आतंकवादी संगठन के रूप में चिह्नित किया गया है, जबकि 22 संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन आदि शामिल हैं।

### यूएस ने 43 देशों के लोगों पर लगाया ट्रैवल बैन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने 43 देशों की एक सूची तैयार की है, जहां के लोगों पर ट्रैवल बैन लगाने का प्लान है।



इस पूरी लिस्ट में तीन कैटिगरी हैं। पहली रेड, दूसरी ऑरेंज और तीसरी यलो। रेड लिस्ट में उन देशों को रखा गया है, जहां के किसी भी व्यक्ति को अमेरिका में एंट्री नहीं मिल पाएगी। रेड सूची में अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, ईरान, यमन, सोमालिया, सूडान और सीरिया जैसे 11 देश शामिल हैं, जहां अशांति है।

**भारत-न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक**

# आतंकवाद, अलगाववाद से मिलकर दो-दो हाथ करने को तैयार भारत और न्यूजीलैंड

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ सोमवार को हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर दोनों को कड़ा संदेश दिया गया। साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने एक परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। इस साल के अंत तक यह समझौता हो सकता है। पाकिस्तान के संदर्भ में दोनों देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथी तत्वों का एकजुटता से मुकाबला करने की घोषणा की। भारत ने न्यूजीलैंड के समक्ष वहां जारी गैर-कानूनी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर अपनी चिंता जताई। इसके अलावा 15 मार्च 2019 के क्राइस्टचर्च से लेकर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले का जिक्र करते हुए दोनों शीर्ष नेताओं ने कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। वहीं, चीन की आक्रामकता के मद्देनजर दोनों ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए एक खुले हुए स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड विस्तारवाद में नहीं बल्कि विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं। बैठक में द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए तमाम विषयों सहित क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (यूक्रेन युद्ध का मुद्दा शामिल) पर भी विचार-विमर्श किया गया।

*दोनों देशों के बीच एफटीए पर बातचीत शुरू करने का निर्णय*

*स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर दोनों सहमत*

### आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक



*विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वार्ता के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एकमत हैं। यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। दोनों देश आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के विरुद्ध मिलकर सहयोग करते रहेंगे। आतंकवादी हमलों के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है। पीएम मोदी ने विश्वास जताते हुए कहा कि इन सभी गैर-कानूनी तत्वों के खिलाफ हमें न्यूजीलैंड सरकार का आगे भी सहयोग मिलता रहेगा।*

### एफटीए से बढ़ेगा व्यापार-निवेश

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम लक्सन के साथ बैठक में भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक परस्पर लाभकारी एफटीए पर चर्चा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। जिससे आपसी व्यापार और निवेश की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा, जटिल खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को दोनों देशों ने प्राथमिकता दी है। वानिकी और बागवानी में संयुक्त रूप से काम करने का फैसला किया है। दोनों राष्ट्रप्रमुखों ने एफटीए पर बातचीत की शुरुआत का स्वागत करते हुए कहा, यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने का महत्वपूर्ण उपाय है। जिसकी मदद से दोनों को समान लाभ और पूरकता सुनिश्चित होगी।

#### मजबूत होगी रक्षा-सुरक्षा साझेदारी

उन्होंने कहा कि वार्ता में हमने रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया। संयुक्त युद्धाभ्यास, प्रशिक्षण, नौसेना के जहाजों द्वारा एक-दूसरे के बंदरगाहों पर नियमित ठहराव के साथ-साथ रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए एक रोडमैप बनाया जाएगा। हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त कार्यबल-150 में दोनों नौसेनाएं संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। आईपीओआई संगठन समुद्री क्षेत्र के प्रबंधन, संरक्षण और उसे सतत बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समुद्री सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

**पीएम ने की रायसीना डायलॉग की शुरुआत**

## न्यूजीलैंड पीएम बोले- हिंद-प्रशांत में निर्णायक भूमिका निभाए भारत




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागीरी के बीच न्यूजीलैंड ने भारत से इस क्षेत्र में अपनी निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान किया है। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ 10वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करते हुए न्यूजीलैंड के पीएम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ताकतवर ही सही है, यह दृष्टिकोण स्वीकार्य नहीं है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे आर्थिक रूप से गतिशील क्षेत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आने वाले वर्षों में वैश्विक आर्थिक विकास का दो-तिहाई हिस्सा होगा। भारत इस क्षेत्र के हर देश के लिए बड़े अवसर प्रदान करता है। भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए।

### क्वाड के साथ मिलकर काम करने को तैयार

न्यूजीलैंड के पीएम ने क्वाड को खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कहा कि क्वाड के विकास में भारत का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। हालांकि, न्यूजीलैंड का क्वाड का हिस्सा बनने का कोई इराद नहीं है, फिर भी वह समूह की पहल को आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए तैयार है। क्वाड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। लक्सन ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुराने संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीयों और न्यूजीलैंडवासियों को एक साथ रहते हुए 200 साल से भी ज्याद हो गए हैं। जैसे वे 200 साल पहले थे, वैसे ही आज भी कीवी-भारतीय हमारे बहुसांस्कृतिक समाज में पूरी तरह घुल-मिल गए हैं। हमारे सबसे बड़े शहर ऑकलैंड में रहने वाले लोगों में 11 फीसदी भारतीय मूल के न्यूजीलैंडवासी हैं।

### भारतीय लोकतंत्र-चुनावी प्रक्रिया को सराहा

*न्यूजीलैंड के पीएम ने भारतीय लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रेरणादायक है। पिछले साल इतिहास के सबसे बड़े चुनाव में 65 करोड़ भारतीयों ने मतदान किया। राष्ट्रीय चुनाव वैधता की जीत है। उन्होंने कहा, हम अर्थव्यवस्थाओं और समाजों के तकनीकी परिवर्तन के मुहाने पर हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रभाव पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, न कि केवल एक या दो क्षेत्रों पर, जिससे हमारे काम करने का तरीका बदल जाएगा।*

**पीएम के बयान से मुरीद हुआ चीन**

## जमकर करने लगा तारीफ, कहा हम उनके साथ काम करना चाहते



एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी के बयान की सराहना करते हुए चीन ने कहा कि ड्रैगन और हाथी के बीच बैले नृत्य एकमात्र विकल्प है। चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा दोहराई है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा था कि दोनों देशों को मतभेद की जगह संवाद को प्राथमिकता देना चाहिए।

पीएम मोदी के इसी बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चीन ने पीएम मोदी के हालिया बयान पर ध्यान दिया है। चीन इसकी सराहना करता है। माओ ने आगे कहा कि पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सफल द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक ने संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों पक्षों ने आम समझ पर ईमानदारी से काम किया और सकारात्मक रिजल्ट हासिल किया।

### 2000 वर्ष पुराने आपसी संबंध

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक वर्षों के आपसी संबंधों के इतिहास में दोनों देशों ने दोस्ताना आदान-प्रदान जारी रखा। दोनों देशों ने एक-दूसरे से सीखा। दो सबसे बड़े विकासशील देशों के तौर पर चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार के काम को साझा किया। एक-दूसरे की सफलताओं को समझा और उनका समर्थन किया। दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों और क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करता है। उन्होने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण के मजबूत करने और विश्व शांति के ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है।

### ट्रंप ने साझा किया पीएम मोदी का पॉडकास्ट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओनरशिप वाला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल जॉइन कर लिया है। उन्होंने लिखा कि ट्रुथ सोशल पर आकर बहुत प्रसन्न हूं! यहां उपस्थित सभी उत्साही लोगों से बातचीत करने तथा आने वाले समय में सार्थक बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि ट्रूथ सोशल को डोनाल्ड ट्रंप ने 2022 में लॉन्च किया था। ये प्लेटफॉर्म उन्होंने फेसबुक और ट्विटर से बैन होने के बाद लॉन्च किया था।

### अमेरिका के कई हिस्सों में 37 लोगों की मौत

**पिडमोंट।** अमेरिका के कई हिस्सों में बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण मकानों समेत कई इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई।



राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक कोडी स्नेल ने बताया कि कैरोलिनास, पूर्वी जॉर्जिया और उत्तरी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों के लिए बवंडर की चेतावनी बरकरार है। उन्होंने कहा कि मुख्य खतरा विनाशकारी हवाएं होंगी। शुक्रवार से आए इस तूफान को मौसम वैज्ञानिकों ने असामान्य रूप से 'उच्च जोखिम' वाला बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में मौसम की इस तरह की चरम स्थितियों का होना असामान्य नहीं है।

**कुपवाड़ा में आतंकी हमला**

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया पुलिस का भी एक जवान हुआ घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सोमवार को मुठभेड़ की खबर सामने आई है। खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों को खबर मिली थी कि कुपवाड़ा में दो-तीन आतंकवादी छिपे हुए हैं।

इसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने संयुक्त रूप से उनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। जैसे ही सुरक्षा बलों के जवान आतंकियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सिक्योरिटी फोर्सेज ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना है। वहीं



एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि हंदवाड़ा में चल रही मुठभेड़ में अब तक एक आतंकवादी मारा गया है। इससे पहले कुपवाड़ा जिले के क्रुंभुरा जचलदारा राजवार हंदवाड़ा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना मिली थी।

**द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती प्रदान करने के साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा**

## रायसीना संवाद से इतर कई देशों के विदेश मंत्रियों संग हुई जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार से राजधानी में शुरू हुए तीन दिवसीय रायसीना संवाद के दसवें सत्र से इतर कई देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड के साथ मुलाकात की। स्वीडन, आयरलैंड, स्लोवेनिया, घाना के विदेश मंत्रियों से हुई बातचीत में इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न विषयों के अलावा क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. जयशंकर ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए बताया कि गेबार्ड के साथ हुई मुलाकात में समकालीन वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर जरूरी आदान-प्रदान किया गया। स्लोवेनिया की उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री तांजा फाजॉन के साथ बैठक में विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के वर्तमान सदस्य के रूप में वैश्विक चुनौतियों के बारे में उनके आकलन की सराहना की।



### आगे बढ़ेगी विकास साझेदारी

आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिमॉन हैरिस के साथ हुई मुलाकात के बारे में एक्स पर बताते हुए जयशंकर ने कहा कि वार्ता में मैंने विदेश मंत्री हैरिस, आयरलैंड की सरकार और जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मेरी हाल की आयरलैंड की यात्रा ने हमारे संबंधों को नवीनीकृत तथा मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने घाना के विदेश मंत्री एस.ओ अबलाक्वा से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा कि रायसीना संवाद से इतर घाना के विदेश मंत्री के साथ एक अच्छी बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों की विकास साझेदारी और वैश्विक दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने के अवसरों की तलाश की गई।

**इसरो प्रमुख ने बताया- चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार की मिली मंजूरी**

# 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य होगा पूरा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पीएम का एक ही लक्ष्य है- भारत को विकसित बनाना। मैं एक साधारण परिवार से हूं, लेकिन मेरे साथ काम करने वाले सभी सहयोगियों को धन्यवाद देता हूं।

**चंद्रयान-4 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह से मिट्टी के नमूने लेंगे**

**चंद्रयान-5 मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे**

### 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया



नारायणन ने बताया कि भारत अब तक 131 उपग्रह लॉन्च कर चुका है, जिनमें से कई सार्क देशों को भी दिए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है, जिनमें से 34 अन्य देशों के थे। उन्होंने कहा कि इसरो ने 90% की सफलता दर हासिल की है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि भारत अब न केवल अपने लिए, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक भरोसेमंद लॉन्च सेवा प्रदाता बन चुका है।

### तमिलनाड के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा

नारायणन ने बताया कि वहीं भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है। इस स्पेसपोर्ट की मदद से भारत छोटे उपग्रहों के वैश्विक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

## खबर संक्षेप



### कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं।' यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा।

### किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानी उमरजई

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग की अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, 'उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू हो गए हैं।'



### भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर शुरू

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में शुरू हो गया और मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। फुल्टन ने कहा, 'खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा।'



### बेकहम, एसो और रोजित ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 44.187 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में 11वें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने 42.060 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान (42.194) और ऑस्ट्रेलिया (42.352) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।



### हम कई क्षेत्रों में गलतियां कर रहे हैं : इंजमाम

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम में लाहौर में पत्रकारों से कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं।' राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी।



# मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन



**एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स**

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई।

पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था।



### खुद पर भरोसा बनाए रखा : मीरा

एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। मीरा ने मैच के बाद कहा, 'मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।'

### सबालेंका का खराब प्रदर्शन

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने इस साल कैलिफोर्निया में किए अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, फाइनल में आकर एक बार फिर वह अपने फॉर्म से चूक गईं और उन्हें गंवाए गए अवसरों पर पछताना पड़ा। सबालेंका और मीरा के एक रिकॉर्ड की बात करें तो रूसी खिलाड़ी पर बेलारूस की स्टार का दबदबा रहा है। एंड्रीवा इस साल सबालेंका से दो बार हार चुकी थीं और ऐसा लग रहा था कि फाइनल एक तरफा देखने को मिलेगा। बेलारूस की सबालेंका ने चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट पर बैकहैंड विनर शॉट लगाया था।



## महामुकाबले में लिवरपूल को 1-2 से मिली रोमांचक हार

# न्यूकासल बना इंग्लिश लीग कप चैंपियन, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म

**एजेंसी ▶▶| लंदन**

न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, '70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।




### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।



### गोकुलम केरला ने नौ खिलाड़ियों पर सिमटे नामधारी एफसी को हराया

**श्री भैनी साहिब।** गोकुलम केरला एफसी ने नौ खिलाड़ियों तक सिमटी नामधारी एफसी को सोमवार को 3-1 से हराकर आई लीग फुटबॉल 2024-25 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए। थाबिसो ब्राउन (57वां मिनट), एडामा नियाने (81वां) और इगनासियो एबेलेडो (92वां) ने गोकुलम के लिये गोल दागे जबकि नामधारी के लिये एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 63वें मिनट में किया। गोकुलम ने अब अपने घरेलू मैदान से बाहर लगातार तीन मैच जीत लिए हैं। इस जीत के बाद अब वह 19 मैचों में 31 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर चर्चिल ब्रदर्स उससे तीन अंक आगे है जिसके पास एक ही मैच बचा है। गोकुलम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। नामधारी एफसी के डिफेंडर सुखनदीप सिंह को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने से टीम के दस ही खिलाड़ी मैदान पर रह गए। इसके बाद 60वें मिनट में असंतोष जताने वाले क्लेडसन कार्वाल्हो डासिल्वा को भी लालकार्ड दिखाया गया।

## क्रिकेट

# मेरे लिए समय का पहिया 360 डिग्री घूम गया: पंड्या

**पिछले कुछ महीनों के मुश्किलों को लेकर भारतीय ऑलराउंडर का खुलासा**



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया। लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा।

पंड्या ने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले जिओ हॉटस्टार से कहा, 'मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभिभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था।'

### मजबूत होकर की वापसी

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, ढाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया।' पंड्या ने हाल ही में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के विजय अभियान में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी के साथ नई गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पिछले साल अमेरिका में भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे।

## बैडमिंटन

# स्विस ओपन में सिंधू, लक्ष्य को फॉर्म हासिल करने की उम्मीद



**एजेंसी ▶▶| बासेल**

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा।

### आकर्षि और अनुपमा देंगी चुनौती



महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुऐंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेगी।

### देश में अब कट्टरपंथ और धमकी की राजनीति नहीं चलेगी: सारंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल**

भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने पर को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के बयान पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कड़ा एतराज जताते हुए क्रिकेटर शमी को लेटर लिखकर कहा है कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। बता दें कि बरेली के मौलाना रजवी ने दो दिन पहले मोहम्मद शमी की बेटी का होली खेलते हुए वीडियो सामने आने पर कहा था कि शमी की बेटी का रंग खेलना शरीयत के खिलाफ और नाजायज है। इसी पर खेल मंत्री सारंग ने सोमवार को पलटवार किया है। उन्होंने कहा, देश में अब कट्टरपंथ और धमकी की राजनीति नहीं चलेगी। मंत्री सारंग ने कहा कि मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी का बयान निंदनीय है। अगर मोहम्मद शमी की बेटी होली खेलती है तो इससे कट्टरपंथियों को क्या परेशानी है? यह देश हर धर्म और समुदाय के लोगों का है और यहां किसी की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

**शमी को लिखे पत्र में कहा-उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं**

# आईपीएल से पहले बिका गुजरात टाइटंस टॉरेंट ग्रुप ने खरीदी 67 फीसदी हिस्सेदारी

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

अहमदाबाद स्थित कारोबारी समूह टॉरेंट ग्रुप ने सोमवार को कहा कि उसने आईपीएल के नए सत्र की शुरुआत से पहले गुजरात टाइटंस की फ्रेंचाइजी टीम में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

टॉरेंट ग्रुप ने एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है। टॉरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस की नियंत्रक हिस्सेदारी को इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से हासिल किया है जिसका स्वामित्व फिलहाल निजी इक्विटी कोष सीवीसी के पास है। स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े समूह ने बयान में कहा, 'जरूरी शर्तों को पूरा करने के साथ ही अब अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।' हालांकि, लेन-देन के हिस्से के रूप में इरेलिया के पास 33 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी बनी रहेगी जिससे इस फ्रेंचाइजी के साथ उसका जुड़ाव बरकरार रहेगा। हालांकि, टॉरेंट ग्रुप ने इस अधिग्रहण सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है।सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने वर्ष 2021 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी को 5,600 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस टीम ने अपने पहले सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीतकर शानदार आगाज किया था।




## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लगी मिर्ची, लिया बड़ा एक्शन

# पीएसएल को ठुकराकर आईपीएल खेलेंगे ऑलराउंडर बॉश

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की 22 मार्च से शुरुआत हो रही है। इससे पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने तैयारी शुरू कर दी है। साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए रिप्लेसमेंट के तौर पर अपने स्क्वॉड में शामिल किया है। उन्होंने चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह ली। ऐसे में बॉश ने पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़ दिया था।

अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बॉश को लीगल नोटिस भेजा है। पीसीबी ने कॉर्बिन बॉश को अनुबंध संबंधी दायित्वों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी नोटिस भेजा है। यह पहला सीजन है जिसमें पीएसएल का आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा और पीएसएल 11 अप्रैल से 18 मई तक चलेगा। जनवरी में आयोजित पीएसएल ड्राफ्ट में पेशावर जाल्मी ने डायमंड श्रेणी में बॉश को चुना था। लेकिन 8 मार्च को मुंबई इंडिंस ने घोषणा की कि वह उनकी टीम में चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह लेंगे।



### कॉर्बिन को लीगल नोटिस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, कानूनी नोटिस उनके एजेंट के माध्यम से दिया गया था और खिलाड़ी से उनकी पेशेवर और संविदात्मक प्रतिबद्धताओं से हटने के उनके कदम को उचित ठहराने के लिए कहा गया है। पीसीबी प्रबंधन ने लीग से उनके जाने के नतीजों को भी रेखांकित किया है और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके जवाब की अपेक्षा की है। पीसीबी इस मामले पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

### बदला गया था पीएसएल विंडो

पीएसएल फ्रेंचाइजी बॉश पर कार्रवाई कर सकती हैं। उन्हें चिंता है कि इससे खिलाड़ियों के लिए पीएसएल के साथ साइन अप करने और फिर आईपीएल में जाने की मिसाल कायम हो सकती है। पीसीबी ने विदेशी खिलाड़ियों की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार करने के उद्देश्य से पीएसएल विंडो को बदल दिया था। जब पीएसएल फरवरी-मार्च विंडो में था तो खिलाड़ी एसए20, आईएलटी20 और बीपीएल में व्यस्त रहते थे। पिछले साल जब विंडो बदली गई थी तब तय हुआ कि आईपीएल ऑक्शन के बाद पीएसएल ड्राफ्ट आयोजित होगा। इससे विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में अधिक स्पष्टता हो सके। इस सीजन में आईपीएल नीलामी नवंबर 2024 में और पीएसएल ड्राफ्ट जनवरी 2025 में आयोजित किया गया था। पीएसएल ड्राफ्ट में डेविड वार्नर, डेरिल मिचेल, जेसन होल्डर, रासी वान डेर डूसेन और केन विलियमसन शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## युवक की हत्या करने वाले दो किन्नर पकड़ाए एक की तलाश जारी

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र स्थित बैंड मास्टर चौराहा पर युवक की सरेराह चाकू गोदकर हत्या करने वाले दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवाद किन्नरों के दो समूहों के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर हुआ था। इसी विवाद में आदिल की हत्या कर दी गई। तलैया पुलिस ने सोमवार को अलवीरा खान और उसके साथी नवाब को कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से एक हमलावर रूहान की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि रूहान माता मंदिर इलाके में रहता है और उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि आदिल ने सबसे पहले किन्नर अलवीरा खान पर हमला किया था। जब वह ऑटो रिक्शा में सवार हो रहा था। अलवीरा और उसके साथी जल्द ही एकत्रित हो गए और आदिल का पीछा किया। इस दौरान आदिल के साथ मौजूद उसके साथी भाग निकले थे, जबकि हमलावरों ने आदिल को घेर लिया था। हमलावरों ने चाकू से आदिल की गर्दन, पेट और हाथों पर ताबड़तोड़ हमला किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आदिल पहले अलवीरा खान का दोस्त था। हालांकि, आदिल ने हाल ही में किन्नर के एक प्रतिद्वंद्वी समूह का साथ देने लगा था, जो उसकी मदद से इलाके पर कब्जा करना चाहते थे। आदिल का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके छोटे भाई ने करीब एक साल पहले आत्महत्या कर ली थी।

■ कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेजा

# आरोग्य भारती में फाग उत्सव पर बौद्धिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम



सांस्कृतिक संध्या में श्रीकृष्ण एवं राधिका की लीलाओं का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोग्य भारती केंद्रीय कार्यालय में फाग उत्सव पर बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्वदेशी जागरण मंच की सह प्रांत प्रमुख सीमा भारद्धाज प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. अमित सिंह ने ऋतु संधि में आहार के परिवर्तन और समाज के पोषण आहार पर बताया कि भारतीय समाज की संरचना व्यक्ति के रूप में नहीं अपितु एक राष्ट्र के रूप में हुई है, जिसमें हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए उत्तरदाई होता है। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने समस्त महिला शक्ति को राष्ट्र निर्माण का कारक बताया और कहा कि वे किस प्रकार सामाजिक दायित्वों में राष्ट्र पुनर्निर्माण का स्तंभ बनी हैं। कार्यक्रम की संयोजक एवं आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत की महिला प्रमुख डॉ. जूही गुप्ता ने बताया कि आरोग्य भारती राष्ट्र के हर नागरिक को, अन्य सभी नागरिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कल्याण के लिए निर्मित करती है। द्वितीय सत्र में प्रसिद्ध लोक गायिका सोनल श्रीवास्तव ने लोकगीतों में फाग और होली का बहुत ही सुंदर चित्रण किया। वहीं सीहोर की कथक नृत्यांगना चारुलाता चौरे एवं समूह ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें श्री कृष्ण एवं राधिका की लीलाओं पर नृत्य नाटिकाओं से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजधानी के समस्त चिकित्सा महाविद्यालय से महिला चिकित्सक, वकील, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी समेत 110 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### गांधी नगर पुलिस ने पहले दर्ज की थी गबन की एफआईआर

# ईडी ने कुर्क की पूर्व कुलपति और आरजीपीवी के अफसरों की 10 करोड़ 77 लाख की प्रॉपर्टी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरजीपीवी में हुए 20 करोड़ के स्कॉलरशिप घोटाले के मामेले में ईन्फारसमेंट डायरेट्रेट ने पूर्व कुलपति सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत, पूर्व वित्त नियंत्रक हृषिकेश वर्मा, कुमार मयंक, रामकुमार रघुवंशी, तत्कालीन बैंक अधिकारी और आरजीपीवी घोटाले में शामिल अन्य निजी व्यक्तियों की 10 करोड़ 77 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क कर ली गई हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के प्रावधानो के तहत की गई है।

ईडी ने यह जांच भोपाल के गांधीनगर पुलिस स्टेशन, में आरजीपीवी में हुए 19 करोड़ 48 लाख के गबन के मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला कि आरजीपीवी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कुमार मयंक और अन्य लोगों की मदद से यूनिवर्सिटी की इस रकम का मिलीभगत कर गबन किया था। इससे पहले पीएमएलए एक्ट की धारा 17 के तहत तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान आरोपियों के 1 करोड़ 67 लाख रुपए के सोने के जेवर, म्यूचुअल फंड और बैंक बैलेंस फ्रीज किए गए थे। नवंबर 2023 में आरजीपीवी में एफडीआर घोटाले का खुलासा हुआ था। तत्कालीन रजिस्ट्रार मोहन सेन की शिकायत पर तत्कालीन कुलपति सुनील कुमार गुप्ता, रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत, और फाइनेंस कंट्रोलर हृषिकेष वर्मा समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

### एफडीआर घोटाले पर हुआ एक्शन

साल 2022 में आरजीपीवी ने आरबीएल बैंक की अरेरा कॉलोनी ब्रांच में 200 करोड़ की एफडी के लिए नोटशीट चलाई, जिसमें लिखा था कि बचत खाते में 5 प्रतिशत के बजाय एफडी में 7 फीसदी ब्याज मिलता है, लिहाजा इसकी एफडी आरबीएल में कराई जाए। इस एफडी के लिए आरजीपीवी ने अलग-अलग चेक के जरिए रुपए जमा किए। घोटाले के लिए आरजीपीवी के अफसरों ने 20 करोड़ और 40 करोड़ के चैक तो बकायदा आरबीएल बैंक में खोले गए संस्थान के खाते में जमा कराए लेकिन 5 करोड़ से कम कीमत के कई चैक इसी बैंक शाखा में कुमार मयंक नामक व्यक्ति के खातों में जमा करा दिए गए। इस घोटाले के लिए आरजीपीवी के अफसरों ने नोटशीट में आरजीपीवी के खाते का नंबर बदल दिया। एक साल बाद जब ऑडिट हुई तो घोटाला पकड़ में आया।

### *दी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई*

# पंचतत्व में विलीन हए स्पेशल डीजी मनीष शंकर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और स्पेशल डीजी रेल मनीष शंकर शर्मा का रविवार देर रात निधन हो गया वे दिल्ली में उपचार के लिए गए थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

सोमवार सुबह एयर एंबुलेंस से उनकी पार्थिव देह को भोपाल लाया गया। यहां कुछ देर बाद ही उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ भदभदा विश्राम घाट पर किया गया। उनको गार्ड ऑफ ऑनर के देते हुए अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी गई। 5 नवंबर 1966 को जन्मे मनीष ने 10 दिसंबर 1992 को आईपीएस अफसर के रूप में नौकरी ज्वाइन की थी।

### केलोफोर्निया विश्वविद्यालय से किया पीजी

मनीष शंकर शर्मा राज्य के पूर्व मुख्य सचिव रहे कृपाशंकर शर्मा के बेटे थे। वो प्रदेश के बेहद ईमानदार और तेजतर्रार अफसरों में शुमार थे। पिछले माह ही उन्हे पदोन्नत कर स्पेशल डीजी बनाया गया था। मनीष शंकर शर्मा ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय मामलों और सार्वजनिक नीति में पीजी की उपाधि प्राप्त की थी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद रोधी विषयों पर उन्हें विशेष अनुभव था।

### अमेरिका में हर 20 जुलाई को मनीष शंकर शर्मा डे

उन्हें कैलिफोर्निया के शहर सैन डिएगो के मेयर केविन एल फॉकनर ने सम्मानित भी किया था। वे प्रदेश के एकमात्र ऐसे अफसर रहे, जिनके सम्मान में अमेरिका में हर साल 20 जुलाई को मनीष शंकर शर्मा दिवस मनाया जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।

### आईपीएस अफसरों में शोक की लहर

रविवार देर रात उनके निधन की जानकारी लगते ही लगते ही डीजीपी कैलाश मकवाणा और अन्य आईपीएस अफसर उनकी पार्थिव देह को भोपाल लाने के इंतजाम में जुट गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।


### विदेशों में रही पदस्थापना

शर्मा 1997-1998 में संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हजेर्गोविना गए थे। यहां उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। वे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में सुरक्षा निदेशक और टी-बोर्ड ऑफ इंडिया में निदेशक का पद भी संभाल चुके हैं।

### आईपीएस एसोसिएशन ने जताया दुख

**भोपाल।** स्पेशल डीजी मनीष शंकर शर्मा के निधन पर आईपीएस एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया है। अध्यक्ष रवि गुप्ता का कहना है कि हमने एक बेहतर सीनियर पुलिस अफसर खो दिया। शर्मा मुझसे एक साल सीनियर थे , अक्सर उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। वहीं वे बेहद ईमानदार और स्वच्छ छवि के अफसरों में शुमार थे। उनके काम करने का तरीका ही अलग था। अमेरिका में उनके नाम पर हर 20 जुलाई को मनीष शंकर शर्मा डे मनाया जाता है यह इंडियन पुलिस और भारतीयों के लिए गौरव की बात है। अचानक हुए उनके निधन से सभी लोग स्तब्ध हैं।

## लाइफ स्टाइल



# जॉन अब्राहम की फिल्म ने लगाई छलांग...

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' ने रिलीज होते ही कमाल दिखाना शुरू कर दिया है। होली के दिन रिलीज हुई इस पॉलिटिकल-थ्रिलर ने पहले ही दिन अपनी कमाई से चौंका दिया था। इसने उम्मीद से बेहतर परफॉर्म करते हुए 4 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज से पहले 'द डिप्लोमैट' को लेकर कोई खास बज़ नहीं था, और ना ही इसे बढ़ा-चढ़ाकर प्रमोट किया गया। इस हिसाब से देखा जाए, तो इसने बढ़िया ओपनिंग की, और दूसरे दिन भी कमाल दिखा दिया। 'द डिप्लोमैट' को दूसरे दिन सुबह के शोज में 7.08% दर्शक मिले, लेकिन शाम और रात के शोज में यह आंकड़ा बढ़कर 27.65% पहुंच गया।

**लाइफ Style**

# राशा

## मां रवीना संग 'उई अम्मा' पर किया डांस



साल 2025 स्टार किड राशा थडानी के लिए काफ़ी रोमांचक साल रहा है। अपनी मां रवीना टंडन के नक्शेकदम पर चलते हुए राशा ने इस साल की शुरुआत में 'आज़ाद' से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपने ट्रैक 'उई अम्मा' पर पूरे देश को नचाया, जिसमें उनकी सबसे अच्छी दोस्त तमन्ना भाटिया भी शामिल थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


राशा ने महाकुंभ की यात्रा करने से पहले अपने 12वें ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। अब वो अपने बर्थडे को खास तरीके से मना रही हैं। राशा ने 2025 में अपना 20वां जन्मदिन मनाया। स्टार किड ने अपनी खूबसूरत मां के साथ खूबसूरत काले रंग की ड्रेस पहनकर डांस भी किया। एक बार फिर, राशा थडानी ने अपने पहले से ही चार्टबस्टर हिट गाने 'उई अम्मा' पर डांस फ्लोर पर धूम मचा दी। अपनी बर्थडे पार्टी के एक अनदेखे वीडियो में उन्होंने एक केक काटा और फिर रवीना के साथ डांस किया। बर्थडे गर्ल ने अपने अच्छे दोस्त और 2025 की फिल्म के एक्टर वीर पहाड़िया को केक खिलाया, वहीं बैकग्राउंड में राशा के गाने पर रवीना टंडन ने अपने मूव्स से सभी को चौंका दिया। स्काई फोर्स के एक्टर वीर के अलावा, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और तमन्ना भाटिया भी मेहमानों की लिस्ट में शामिल थे। ररशा की बर्थडे पार्टी के ये अनदेखे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के तुरंत बाद, बहुत से फैंस ने बर्थडे गर्ल पर प्यार और आशीर्वाद बरसाया। लेकिन ज़्यादातर लोग रवीना की सदाबहार खूबसूरती और चमक को देखकर दंग रह गए।

**हॉलीवुड मसाला**




# नाबालिग को डेट करने का आरोप

**नई दिल्ली।** साउथ कोरिया के मशहूर एक्टर किम सू ह्यून का नाम इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। कोरियन ड्रामा देखने वाले उन्हें बखूबी जानते होंगे। इस बार एक्टर अपने किसी अपकमिंग ड्रामा की वजह से नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में 37 साल के एक्टर पर आरोप लगा है कि उन्होंने 15 वर्षीय किम से रोन को डेट किया था। किम से रोन के बारे में बता दें कि एक्ट्रेस को 16 फरवरी के दिन उनके घर पर मृत पाया गया था।




# 62 की उम्र में 36 की एक्ट्रेस को डेट कर रहे टॉम क्रूज...

**लॉस एंजिलिस।** टॉम क्रूज और एना डी आर्मस को लंदन में एक साथ देखा गया था। इसके बाद से दोनों की डेटिंग को लेकर अफवाह ने फिर से जोर पकड़ लिया है। हाल ही में साथ में दोनों की मौजूदगी को देखते हुए ये कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं या फिर इससे कुछ ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार की शाम को दोनों अभिनेताओं को हेलीकॉप्टर से लंदन हेलीपोर्ट पर आते देखा गया। 62 वर्षीय क्रूज और 36 वर्षीय डी आर्मस दोनों ने कैजुअल आउटफिट पहना हुआ था। क्रूज ने काली जींस और भूरे रंग की बटन-डाउन शर्ट पहनी हुई थी, जबकि डी आर्मस ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर काले रंग का ट्रेंच कोट पहना था, जिसे उन्होंने जींस और सफेद स्नीकर्स के साथ पेयर किया गया था। दोनों को हेलीपोर्ट स्टॉफ के साथ मस्ती मजाक करते हुए देखा गया और वो ठहाके लगाकर हंस रहे थे।



# लड़के के आंख मारने पर बौखलाई...

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा एक कमाल की डांसर हैं जो अक्सर अपने डांस मूव्स से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। वो फिलहाल टीवी शो 'हिप हॉप इंडिया' के दूसरे सीज़न को जज कर रही हैं। अपनी शानदार टाइमिंग के लिए जानी जाने वाली मलाइका हर वक्त लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसके बारे में बात करके वो गुस्सा हो गईं। वायरल हो रहे वीडियो में मलाइका अरोड़ा एक 16 साल के लड़के को डांस शो के दौरान डांस करने और उनकी आंख मारने के लिए डांटती नजर आ रही हैं। उन्होंने लड़के से ये भी कहा कि वो उसकी मम्मी को फोन करेंगी। उनके रिएक्शन ने तुरंत सबका ध्यान खींच लिया। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- उसका यह कहना जायज नहीं था कि उसकी उम्र ही क्या है अभी।



# सनी की फिल्म रि-रिलीज में मचाएगी गदर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार सनी देओल की मूवीज को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। गदर 2 की अपार सफलता के बाद सनी आने वाले समय में फिल्म जाट में दिखाई देंगे, जिसका ट्रेलर कुछ दिन बाद रिलीज किया जाएगा। लेकिन जाट से पहले सनी पाजी एक पुरानी फिल्म को री-रिलीज किया जाएगा, जो अपने समय में ब्लॉकबस्टर रही थी। 2023 में निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म गदर 2 की अपार सफलता से सनी देओल ने सिनेमा जगत में जोरदार कमबैक किया। इस बीच सनी ने अपनी एक पुरानी फिल्म की री-रिलीज की घोषणा इंस्टाग्राम पर कर दी है। दरअसल उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म घातक को रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के दौरान सिनेमाघरों में दोबारा से रिलीज किया जाएगा। 21 मार्च को घातक बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930